दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। गुरुवार 12 जून-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 173 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3







# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर बोले गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग

# हर क्षेत्र में हो रहा है भारत का विकास, विदेश में बढ़ रहा है भारतीयों पर विश्वास

## कहा, हमने केवल नारा नहीं दिया, हमने बदलाव को जमीनी सच्चाई में बदला है

**2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र**

**सांसद बोले गाजियाबाद का रेलवे स्टेशन बनेगा विश्व स्तरीय**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को भाजपा के नेहरू नगर स्थित कार्यालय पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इसमें विकसित भारत का अमृत काल पर आयोजित और मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में किया गया। इस मौके पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने कहा है कि बीते 11 सालों में भारत शिक्षा, चिकित्सा आर्थिक, सामाजिक, कूटनीतिक और विदेश नीति के क्षेत्र में बेहद मजबूत हुआ है। साथ ही हम 2047 तक विकसित देश की श्रेणी में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि जहां पूरी दुनिया को आज भारत पर विश्वास है। तो बैंकों का भी कर्ज कम हुआ है, उन्होंने कहा कि बैंकों के उधार की रिकवरी बढ़ी है। तो वहीं डिफेंस के क्षेत्र में 60 लाख करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट किया गया है। तो वही इंपोर्ट भी हो रहा है। हथियार बनाने के मामले में भारत प्रमुखता से आगे बढ़ रहा है। तो उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से केंद्रीय वित्त मंत्री ने टैक्स में राहत दी थी, उसे बड़ा फैसला कहा जाएगा। खुद विपक्ष के लोगों ने संसद भवन में वित्त मंत्री के फैसले का स्वागत किया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि गाजियाबाद में 350 करोड़ रुपए से रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है। यह विश्व स्तरीय स्टेशन बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां सारी आधुनिक सुविधाएं होगीं। जो गाजियाबाद के लिए भी एक अलग एहसास होगा। वहीं उन्होंने कहा है कि विपक्ष आरोप लगाता है कि हम अमेरिका से डरे हुए हैं लेकिन हम अमेरिका का विरोध भी करते हैं। अमेरिका की सारी बातें नहीं मानी जाती हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के 11 साल पूरे होने के अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, एमएलसी दिनेश गोयल, जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### विकास पर बजट 6 गुना बढ़ गया है

करंट क्राइम : सांसद अतुल गर्ग ने इस मौके पर जानकारी देते हुए कहा है कि देश का बजट गवर्नमेंट ने 6 गुना बढ़ा दिया है। जिससे हर वर्ग को लाभ मिलना शुरू हो गया है। तो वहीं उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी की एक समय था जब गाजियाबाद में बिजली कट होने पर जनरेटर का शोर सुनाई देता था। बिजली न आने पर लोग गुस्सा हो जाते थे और सड़क जाम हो जाती थीं, लेकिन अब व्यवस्था बदली है। भाजपा की सरकार और मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विद्युत के क्षेत्र में भी काफी सुधार देखने को मिला है।

### एफडीआई में निवेश भी जमकर हो रहा है

करंट क्राइम : सांसद अतुल गर्ग ने इस दौरान मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर कई तरीके के आंकड़े प्रस्तुत किए हैं, तो पत्रकारों को जानकारी दी है कि एफडीआई 2024 में 40 लाख करोड़ से बढ़कर 85 लाख करोड़ हो गया है। पूरी दुनिया में आज भारत पर लोग विश्वास कर रहे हैं। यहां की चिकित्सा सुविधा और अन्य तकनीक दुनियाभर में भरोसे के साथ इस्तेमाल की जा रही हैं।

### भारत विश्व की डिजिटल शक्ति बन रहा है

करंट क्राइम : इस दौरान सांसद अतुल गर्ग ने बताया है कि जनकल्याण मोदी सरकार की नीतियों के कारण 40 लाख करोड रुपए से अधिक की डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों को मिलना शुरू हो गया है। 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं और 55 करोड़ से अधिक जनधन खाता खोले गए हैं। इस दौरान उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि भारत आज विश्व की डिजिटल शक्ति बन गया है। इंटरनेट यूजर्स भारत में 97 करोड लोग हो चुके हैं, सबसे सस्ता डेटाबेस और यूपीआई ट्रांजैक्शन 24 लाख करोड़ पार कर चुका है। तो इज ऑफ डूइंग बिजनेस में भारत 142वीं से 63वीं रैंकिंग पर भी आ गया है।



### डिफेंस में 60 लाख करोड़ का एक्सपोर्ट हुआ




करंट क्राइम : भारत-पाकिस्तान के युद्ध का जिक्र करते हुए और अन्य कई विदेशी चर्चाओं के बीच सांसद अतुल गर्ग ने यह भी जानकारी दी है कि डिफेंस के क्षेत्र में भी लगातार भारत पहले से ज्यादा सशक्त और प्रभावशाली हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी है कि डिफेंस के क्षेत्र में भारत 60 लाख करोड रुपए का एक्सपोर्ट कर रहा है। तो वही इंपोर्ट के मामले में भी सुधार हुआ है, भारत की बनी तमाम चीजे विदेशी भी इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि हथियार बनाने में भारत पहले से ज्यादा कहीं अधिक भरोसेमंद और मजबूत हुआ है।

### जीएसटी की वजह से मजबूत हुई है देश की स्थिति

करंट क्राइम : सांसद अतुल गर्ग ने इस दौरान मोदी सरकार के कार्यकाल और जीएसटी के प्रपोजल की बात की तो उन्होंने कहा कि टैक्स की वसूली भारत में रिकॉर्ड हुई है। जीएसटी भारत में 5 से 18% तक वसूला जा रहा है। तो उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि जीएसटी में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी हुई है। इससे रिकवरी अधिक हो रही है। लोग अधिक संख्या में टैक्स भर रहे हैं और देश की विकास की गति में भी यह सहायक सिद्ध हो रहा है।

### सांसद बोले मेडिकल कॉलेज, गरीबों को आवास, फ्री राशन, शौचालय और स्वच्छ भारत भी किया गया है

करंट क्राइम : मोदी सरकार और केंद्र सरकार के 11 साल होने के उपलक्ष में सांसद अतुल गर्ग ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए जानकारी दे रहे थे कि मोदी सरकार आने से पहले एम्स की संख्या पहले 6 थी, जो अब बढ़कर 23 हो गई है। तो वहीं मेडिकल कॉलेज 14 थे जो 50 हो गए हैं। वहीं मेडिकल क्षेत्र में डॉक्टरों की संख्या भी बढ़ी है। उन्होंने गाजियाबाद की कई उद्यमी और कंपनियों का नाम भी बताया तो जानकारी दी कि बीते दिनों कश्मीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो चिनाव नदी पर बने विश्व के सबसे बड़े ब्रिज का उद्घाटन किया गया है। इसमें स्टील और अन्य सामान गाजियाबाद की ही गुडलक स्टील का इस्तेमाल किया गया है और निर्माण में भी अहम भूमिका रही है। इसके साथ ही मोदी सरकार ने शहरी जीवन को गरिमामई बनाया है। चार करोड़ आवास बनाए गए हैं। 15 करोड़ घरों नल से जल की सुविधा प्रदान की गई है। 12 करोड़ शौचालय और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़कर स्वच्छ भारत सुंदर सशक्त राष्ट्र का निर्माण भी सरकार द्वारा किया जा रहा है।

### अब सीधे खातों में पहुंच रहा है पैसा

करंट क्राइम : सांसद अतुल गर्ग ने यह भी जानकारी दी कि देशभर में 220 करोड़ खाते खोले गए, जब देशभर में खाता खोले जाने का अभियान शुरू किया गया था तो विपक्ष और सोशल मीडिया पर मजाक बनाया जाता था लेकिन अब किसी का भी पैसा एवं जो अनुदान मिलता है वह सीधे बैंक खाते में जाता है। लोगों को अधिकारियों, बाबूओं और बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। इससे ना सिर्फ भ्रष्टाचार कम हुआ है बल्कि लोगों को घर बैठे सीधी सुविधा भी प्रदान हो रही है।

### भारत की ताकत पहले से बहुत ज्यादा हुई है मजबूत : अतुल गर्ग

करंट क्राइम : इस दौरान सांसद अतुल गर्ग ने यह भी कहा कि सरकार फ्री में मकान दे रही है। तो आकाश मिसाइल और ड्रोन ऐसे हैं जो विदेशी और दुश्मनों को पूरी तरह से तबाह कर देते हैं। उन्होंने कहा विक्रांत जहाज भारत के पास वर्तमान में दो हैं। वहीं आकाश- ब्रह्मोस सहित कई ऐसे रडार भी भारत में बनाए जा रहे हैं जो विदेशियों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। तो वहीं दुश्मन भी भारत की बढ़ती ताकत से अलर्ट हो रहा है। वहीं उन्होंने यह भी जानकारी दी कि भारत अमेरिका की हर बात नहीं मानता है। बीते दिनों अमेरिका से एक शास्त्र का सौदा ना कर रशिया से किया गया था, जो लोग कहते हैं कि भारत अमेरिका के दबाव में है या गलत है। इस पत्रकार वार्ता के दौरान जहां सांसद अतुल गर्ग ने भाजपा के कार्यकर्ताओं को बीते 11 साल में गर्व और अन्य महत्वपूर्ण बातें बताई ,तो यह भी बताया कि किस तरीके से राम मंदिर का निर्माण किया गया। काशी विश्वनाथ में कॉरिडोर बनाया गया और अन्य कई योजनाएं अभी होना बाकी हैं। इस अवसर पर एमएलसी दिनेश गोयल, महामंत्री सुशील गौतम, आयाम की संयोजिका रनीता सिंह, सहसंयोजक गौरव चौपड़ा, गुंजन शर्मा, विनोद कसाना और मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## 'जब प्रैसवार्ता में सांसद और मेयर से हुआ हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर सवाल'

# तब उन्होंने 'बाद में' कहकर दिया बात को टाल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनप्रतिनिधि जब एक मंच पर हो और मीडिया से रूबरू हों तो फिर सवाल-जवाब होते ही हैं। सरकार यानी प्रधानमंत्री के ग्यारह साल के कार्यकाल की उपलब्धियां बताने के लिये गाजियाबाद में भाजपा के महानगर कार्यालय पर प्रैसवार्ता बुलाई गई। प्रैसवार्ता में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, मेयर सुनीता दयाल, एमएलसी दिनेश गोयल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल मौजूद थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां बताई जा रही थीं।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पूरी तैयारी से थे। वो सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड लेकर आए थे और उन्होंने लगभग आधा घंटे तक सरकार की उपलब्धियों पर ही बात की। सांसद अतुल गर्ग ने पिलखुवा के अंडरपास का जिक्र किया।

यहां के कूड़े की समस्या का समाधान का जिक्र किया। पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल का जिक्र किया और बताया कि किस तरह से यहां की समस्याओं का समाधान हुआ है। मीडिया और जनप्रतिनिधि एक साथ बैठे थे और सभी विषयों पर बात चल रही थी। इसके बाद सांसद अतुल गर्ग ने मेयर सुनीता दयाल से कहा कि वह सरकार की उपलब्धियों को लेकर बताएं तो मेयर सुनीता दयाल ने यहां कहा कि लगभग सबकुछ आपने कह ही दिया है।

इसी बीच मीडिया की ओर से कई सवाल हुए। यहां करंट सवाल दैनिक करंट क्राइम ने उठाया और उन्होंने उस मुद्दे को उठाया जिस मुद्दे को भाजपा के पूर्व पार्षद उठा रहे हैं, मौजूदा पार्षद उठा रहे हैं। पूर्व मेयर इस पर अपनी बात रख चुके हैं।

> **दैनिक करंट क्राइम ने सांसद अतुल गर्ग तथा मेयर सुनीता दयाल से ये सवाल किया कि आप सरकार की उपलब्धियां बता रहे हैं, आपकी सरकार है, लेकिन ऐसा क्या है कि हाउस टैक्स बढ़ाए जाने को लेकर भाजपा में आपस में तकरार है।**

दैनिक करंट क्राइम ने सांसद अतुल गर्ग तथा मेयर सुनीता दयाल से ये सवाल किया कि आप सरकार की उपलब्धियां बता रहे हैं, आपकी सरकार है, लेकिन ऐसा क्या है कि हाउस टैक्स बढ़ाए जाने को लेकर भाजपा में आपस में तकरार है। भाजपा के पूर्व पार्षद टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में प्रैसवार्ता कर चुके।

भाजपा के पूर्व पार्षद हाईकोर्ट में रिट दाखिल कर चुके और भाजपा के ही मौजूदा पार्षदों ने तीन बार नगर निगम में हाउस टैक्स के विरोध में बैठक कर ली है। वो लगातार बढ़े हाउस टैक्स का विरोध कर रहे हैं। अब क्योंकि ये एक ऐसा मंच है जहां सरकार की उपलब्धियां बता रहे हैं, सरकार के जनप्रतिनिधि एक साथ हैं तो ऐसे में यहां अब इस बात पर भी जवाब आ जाना चाहिए कि नगर निगम की मेयर का हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के सवाल पर क्या जवाब है। लोकसभा के सांसद का हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर क्या जवाब है। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का ये सवाल जब करंट क्राइम ने किया तो नगर निगम के सदन की मुखिया और मेयर सुनीता दयाल ने एक तरह से पहले सवाल को ही आउट ऑफ सिलेबस बता दिया। उन्होंने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर अपनी राय रखने के बजाय ये कहा कि यह सवाल प्रैसवार्ता के विषय से बाहर का सवाल है और सवाल को आउस ऑफ सिलेबस बताकर उन्होंने अपने जवाब को टाल दिया।

इसके बाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने भी हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के मुद्दे पर अगली डेट ले ली। उन्होने भी यह कहा कि इस विषय पर 'अलग से' बैठकर बात करेंगे। इस विषय पर बाद में बात करेंगे। जिस सवाल का जवाब भाजपा के 40 पार्षद मांग रहे हैं, जिस बढ़े टैक्स का विरोध भाजपा के तीन पूर्व सीनियर पार्षद कर रहे हैं। जिस बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध भाजपा के ही दो पूर्व मेयर कर चुके हैं, उस बढ़े हाउस टैक्स के सवाल को भाजपा के ही दो जनप्रतिनिधियों ने टाल दिया। वो इसे प्रैसवार्ता के मुख्य विषय के बाहर का विषय बता रहे हैं। वो इस पर बाद में बात करने की बात कह रहे हैं। वो इस पर अलग से कुछ कहना चाहते हैं। बहरहाल बढ़े हाउस टैक्स पर मेयर के जवाब का इंतजार ही रहा और ये पहेली उलझी रह गई। सवाल था मगर इसे टाल दिया गया।

# 25 करोड़ की लागत से गाजियाबाद शहर के बीचोबीच बनेगा मॉडर्न फायर स्टेशन


## सिहानी गेट थाने के बराबर में शुरू हुआ नए फायर स्टेशन का काम




गौरव शशि नारायण

### - आधुनिक भवन के साथ ही पुलिस कर्मियों के लिए बनेंगे 24 आवासीय फ्लैट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं। तो यहां अब पुलिस आधुनीकरण स्कीम के तहत बड़े और हाईटेक कार्यालय भी बनाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में नया फायर स्टेशन परिसर बनने के लिए निर्माण कार्य शुरू हो गया है। सिहानी गेट थाने के बराबर में लगभग 5200 स्क्वायर वर्ग मीटर में जल निगम की ओर से नए आधुनिक फायर स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। फिलहाल यहां की खुदाई और अन्य काम शुरू किया जा रहे हैं। पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार यहां फायर स्टेशन बेहद आधुनिक रूप में बनाया जाएगा। जहां मल्टी लेवल का कार्यालय और फायर स्टेशन भवन रहेगा। तो वहीं 24 फ्लैट पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय रूप में विकसित किए जाएंगे ताकि दमकल अधिकारियों और प्रमुख कर्मचारियों के परिवारों को यहां स्थान दिया जा सके। फायर स्टेशन में पानी स्टोरेज पंप व खुदाई के बाद निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जो लगभग डेढ़ से 2 साल में बनकर तैयार होगा और बताया जा रहा है कि इसके लिए लगभग 25 करोड़ रुपए शासन से बजट तय किया गया है।



### बहुमंजिला होगा शहर में बन रहा फायर स्टेशन



करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि सिहानी गेट थाने के बराबर में 5200 वर्ग मीटर जमीन पर बना रहे नए फायर स्टेशन को आधुनिक रूप में बनाया जा रहा है। इसके लिए शासन ने 25 करोड़ रुपए का बजट तय किया है और इसका निर्माण कार्य जल निगम द्वारा किया जा रहा है। सिहानी गेट थाने के बराबर में जो जमीन है, यहां नया फायर स्टेशन बनेगा। तो जो घंटाघर कोतवाली में पुराना फायर स्टेशन है, उसे भी यही शिफ्ट किया जाएगा। दमकल के अधिकारियों की माने तो प्रशासनिक भवन लगभग दो मंजिला रहेगा। जिसमें एक में दमकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठेंगे तो दो फायर स्टेशन ऑफिसर्स के अलग-अलग कार्यालय बनाने के साथ अन्य कर्मचारियों के कक्ष और कार्यालय भी खोले जाएंगे।

### 24 पुलिस परिवारों को मिलेगा आवासीय फ्लैट

करंट क्राइम : दमकल विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से बनवाए जा रहे हैं। इस फायर स्टेशन में जहां बड़ी संख्या में फायर स्टेशन भवन का निर्माण होगा, तो वही पुलिस के 24 परिवारों के रहने के लिए यहां आवासीय फ्लैट की सुविधा भी दी जाएगी। जो सिंगल यूनिट पर बनाए जाएंगे। इसमें अलग-अलग स्तर के पुलिस अधिकारियों को फ्लैट आवंटित किया जाएगा ताकि वह परिवार के साथ यहां रह सकें।

### बीच शहर में फायर स्टेशन शुरू होने से पूरे सिटी जोन को मिलेगा लाभ

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि सिहानी गेट थाने के बराबर में बन रहा सिटी फायर स्टेशन शहर के मध्य में है। यहां से सिटी जोन के सभी 6 थानाक्षेत्रों में आसानी से आवागमन हो सकता है। इसके साथ ही ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाला वेव सिटी, मसूरी, क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र भी यहां से काफी निकट हैं। तो मुरादनगर तक जाने के लिए भी यह से मार्ग काफी सुविधाजनक रहेगा। साथ ही शहर के यह मुख्य मार्ग से जुड़ा हुआ है। इसकी वजह से भी दमकल की गाड़ियों और वाहनों को समय रहते घटनास्थल तक पहुंचाया जा सकेगा।

# सोनम ने एसआईटी की पूछताछ में कुबूल किया गुनाह

**नई दिल्ली।** राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले ने पूरे देश का हिलाकर रख दिया है। राजा की हत्या के मामले में गिरफ्तार हुई सोनम को मेघालय पुलिस शिलांग लेकर गई है। इसके अलावा इन मामले में शामिल अन्य चार आरोपियों को भी अपने साथ लेकर गई है। पुलिस इस मामले में लगातार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि, सोनम ने पुलिस के सामने अपराध कबूल कर लिया है।

### सबूत देखते ही टूट गई सोनम

सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, राजा रघुवंशी मामले की जांच कर रही एसआईटी की टीम ने जब सोनम को सबूत दिखाए तो वह टूट गई और उसने कबूल कर लिया कि राजा की हत्या में शामिल है। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर पुलिस की ओर से इस बात की पुष्टि नहीं की गई है।

### पुलिस बोली- जांच में खुलेंगे कई और राज

इस मामले की जानकारी देते हुए ईस्ट खासी हिल्स के एडिशनल एसपी आशीष ने बताया, आज संदिग्धों को कोर्ट में भेजने के लिए कागजी कार्रवाई की जा रही है। इसलिए हमें उनसे पूछताछ करने का समय नहीं मिला। इस बात की प्रबल संभावना है कि वह (सोनम रघुवंशी) इसमें शामिल है। लेकिन अभी इसकी पुष्टि करना मुश्किल है क्योंकि जांच लंबित है। हम शुरूआती चरण में हैं। जैसे ही हमें नई जानकारी मिलेगी, हम उसे साझा करेंगे... अभी जो भी जानकारी (सार्वजनिक डोमेन में है) वह ठोस नहीं है।

राजा रघुवंशी हत्याकांड पर पूर्वी खासी हिल्स के एसपी विवेक सायम ने कहा कि हम अभी आरोपी को यहां लेकर आए हैं। अब गहन जांच शुरू होगी। हमारे पास उसकी संलिप्तता के पर्याप्त सबूत हैं। पूरी तस्वीर के बारे में - उसकी संलिप्तता कितनी थी और उसने क्या किया - यह सब बाद में पता चलेगा।

## पुलिस ने राज से कराया सोनम का आमना-सामना



### राजा की हत्या कर इंदौर पहुंची थी सोनम

इससे पहले मेघालय पुलिस की जांच में जो सबसे हैरान करने वाली बात सामने आई थी वह यह थी कि राजा की हत्या के बाद सोनम इंदौर आई थी और अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा से मुलाकात की थी। फिर वह वाराणसी गई और उसके बाद गाजीपुर के नंदगंज में पकड़ी गई। इस बीच, शिलांग पुलिस इस मामले में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी और राज कुशवाहा के साथ ही अन्य आरोपियों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को ट्रांजिट रिमांड पर शिलांग ले गई है।

### राज ने कार से सोनम को उत्तर प्रदेश भेजा

गाजीपुर में आत्मसमर्पण करने के बाद सोनम ने कहा था कि उसे नशीला पदार्थ खिलाकर मेघालय से यूपी लाया गया था। लेकिन मेघालय पुलिस की जांच में सामने आया है कि 23 मई को पति राजा रघुवंशी की हत्या के बाद सोनम गुवाहाटी चली गई थी। वहां से ट्रेन से वह 25 मई को इंदौर पहुंची और राज कुशवाहा से मिली। दोनों किराए के एक कमरे में एक साथ रुके। अगले दिन राज ने एक कार से सोनम को उत्तर प्रदेश भेज दिया। राज की योजना सोनम को फतेहपुर जिले में अपने पैतृक गांव में रुकवाने की थी। लेकिन सोनम वाराणसी समेत कई जगह रुकी और जब इंदौर में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई तो 9 जून की रात वह गाजीपुर के नंदगंज पहुंची और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। हालांकि, इंदौर पुलिस ने सोनम के यहां आने की पुष्टि नहीं की है।

## राजा की मां ने लगाए सोनम रघुवंशी के परिवार पर तंत्र क्रिया के आरोप

**नई दिल्ली।** शिलांग में 2 जून को राजा का शव मिलने के बाद उसके परिवार ने कभी सोनम पर किसी तरह की शंका जाहिर नहीं की। वे तो बस चाहते थे कि बेटा खो दिया, लेकिन बहू सही सलामत आ जाए, लेकिन



जब शिलांग पुलिस ने इस अंधे कत्ल से पर्दा उठाया तो राजा का परिवार सोनम का दुश्मन बन बैठा।

रराराजा की मां ने सोनम और उसके परिवार पर तांत्रिक क्रिया का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूरा परिवार तंत्र क्रिया पर विश्वास करता था, इस कारण सोनम के पिता ने अपनी बेटी की तस्वीर दरवाजे पर उल्टी टांगी थी। उन्होंने कहा कि सोनम ने उसके बेटे की बलि ली, इसलिए पहले कामाख्या देवी के दर्शन किए और ग्यारस पर गर्दन पर वार कर उसकी हत्या की। राजा के भाई विपिन ने भी तंत्र क्रिया की आशंका जाहिर की। उन्होंने कहा कि राजा के लापता होने पर उन्होंने तस्वीर उल्टी नहीं टांगी, लेकिन अपनी बेटी के लिए वह सब किया।

### पंडित भी हुआ भूमिगत

सोनम के परिवार को तस्वीर उल्टी टांगने की सलाह जिस पंडित ने दी थी। उसने ही दोनों की पत्रिका देखी थी और विवाह भी उनसे संपन्न कराया था। राजा के परिवार के लोग उस पंडित से भी नाराज है। इसके चलते वह पंडित भी भूमिगत हो गया है।

---

# दिल्ली के गोविंदपुरी में चला बुलडोजर एक्शन



### सीएम रेखा गुप्ता से आतिशी ने पूछा- आपने कहा था एक भी झुग्गी को नहीं तोड़ा जाएगा, तो ये फिर क्यों?

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में स्थित भूमिहीन कैंप में बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की। डीडीए की जमीन पर बनी सैकड़ों झुग्गियों और अवैध निमार्णों को हटाने के लिए प्रशासन ने बुलडोजर और जेसीबी मशीनों ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

वहीं, दिल्ली सरकार की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए दिल्ली की पूर्व सीएम और आप नेता आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता पर निशाना साधा है और उनसे कई सवाल पूछे हैं।

दक्षिण-पूर्व दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में स्थित भूमिहीन कैंप में बुधवार सुबह को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया। इस दौरान इलाके में भारी पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों की तैनाती गई थी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

**300 से ज्यादा झुग्गियां होंगी ध्वस्त :** एक अधिकारी के अनुसार, 'सरकारी जमीन पर बनी 300 से अधिक झुग्गियों को ध्वस्त किया जाएगा।हमने शांतिपूर्ण तरीके से तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम देने के लिए अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया है। किसी को भी कानून-व्यवस्था भंग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।'

**कार्रवाई से पहले चस्पा किए थे नोटिस :** अधिकारी ने बताया कि ये कार्रवाई दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा झुग्गी-झोपड़ी शिविर में मकानों पर बेदखली नोटिस चिपकाए जाने के कुछ दिनों बाद की गई है, जिसमें अतिक्रमणकारियों को तीन दिनों के अंदर जगह छोड़ने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी गई है।

इस इलाके में पिछले साल तीन बार मई, जून और जुलाई में ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया था। इस इलाके में रहने वाले अधिकांश लोग प्रवासी श्रमिक हैं। इससे पहले डीडीए ने दिल्ली के कई इलाकों में अवैध निर्माण पर एक्शन लेते हुए, उन्हें ध्वस्त कर दिया था।

# दिल्ली में पारा 45 डिग्री के पार, आईएमडी ने जारी किया रेड अलर्ट

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। भीषण गर्मी से लोगों के पसीने छूट रहे हैं। वहीं, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने गर्मी का रेड अलर्ट जारी कर दिया है. कई इलाकों में तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आईएमडी के अनुसार 12 जून तक दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, 13 जून की रात से राहत की उम्मीद जताई गई है, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद 14 जून से तापमान में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक दिल्ली के सफदरजंग में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आयानगर में 45.5 डिग्री तक तापमान पहुंच गया। मौसम विभाग के दोपहर 2 बजे जारी बुलेटिन के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी और तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। भीषण गर्मी के साथ ही राजधानी में



हवा में नमी की मात्रा सुबह के समय 39 प्रतिशत रही। वहीं, दक्षिण-पश्चिमी शुष्क हवाओं के कारण गर्मी और ज्यादा असहनीय हो गई है।

**क्या होता है रेड अलर्ट? :** अगर मौसम विभाग की ओर से रेड अलर्ट जारी किया है तो इसका मतलब है कि स्थिति बेहद गंभीर है और लोगों को हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए सावधानी बरतने, अधिक से अधिक पानी पीने और बाहर निकलने से बचने की सलाह दी जाती है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

**इन राज्यों में भी गर्मी का रेड अलर्ट :** आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी अगले 3झ4 दिन तक जारी रहेगी। इन राज्यों में भी रेड अलर्ट जारी है।

**दिल्ली में 13 जून से ऑरेंज अलर्ट :** दिल्ली-एनसीआर में 11 और 12 जून को रेड अलर्ट रहेगा, जबकि 13 जून से ऑरेंज अलर्ट लागू किया जाएगा। 13 जून की रात से हल्की बारिश और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान की संभावना है, जिससे थोड़ी राहत मिल सकती है। इस बीच दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 225 तक पहुंच गया है, जो खराब श्रेणी में आता है। 12 और 13 जून को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चलने की संभावना है।

## 1 जुलाई से आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे तत्काल टिकट

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने बताया है कि एक जुलाई 2025 के बाद से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही तत्काल योजना के तहत टिकट बुक कर सकेंगे। 10 जून, 2025 के एक परिपत्र में मंत्रालय ने सभी जोनल रेलवे को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि तत्काल योजना का लाभ आम अंतिम उपयोगकताओं को मिले।

मंत्रालय ने कहा, ₹01-07-2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट/इसके ऐप के माध्यम से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे।₹ इसके बाद, 15 जुलाई 2025 से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा।




**15 जुलाई से आधार आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन भी होगा अनिवार्य :** मंत्रालय के अनुसार 01 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट भारतीय रेलवे खानपान व पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट/इसके एप के माध्यम से केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे। इसके बाद, 15 जुलाई 2025 से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन भी अनिवार्य कर दिया जाएगा।

**पहले 30 मिनट के दौरान अधिकृत एजेंट्स भी बुक नहीं कर सकेंगे तत्काल टिकट :** सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंट को तत्काल बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान ओपनिंग डे तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी।

खास तौर पर, उन्हें सुबह 10 बजे से 10.30 बजे तक वातानुकूलित श्रेणियों के लिए और सुबह 11 बजे से 11.30 बजे तक गैर-वातानुकूलित श्रेणियों के लिए तत्काल टिकट बुक करने से प्रतिबंधित किया जाएगा।

## 'ये हमारा फैसला नहीं है', कर्नाटक के सीएम का चौंकाने वाला बयान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि राज्य में जाति जनगणना कराने का फैसला उनकी सरकार का नहीं है बल्कि पार्टी नेतृत्व का है। मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि 'जाति जनगणना को लेकर कुछ शिकायतें मिली हैं। जाति जनगणना को हुए 10 साल बीत चुके हैं और अब यह पुराना हो गया है। ऐसे में जल्द ही फिर से जाति जनगणना कराई जाएगी।'

डिप्टी सीएम ने पारदर्शी तरीके से जाति जनगणना कराने की बात कही



इससे पहले 10 जून को कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि जाति जनगणना फिर से कराई जाएगी क्योंकि कुछ समुदायों ने जाति जनगणना के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं। डीके शिवकुमार ने कहा कि जाति जनगणना के डेटा की सटीकता को लेकर कुछ चिंताएं उभरी हैं, जिसके बाद जाति जनगणना फिर से कराई जाएगी और घर-घर जाकर और ऑनलाइन सर्वे किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से होगी।

शिवकुमार ने बताया कि 12 जून को होने वाली कैबिनेट बैठक में जाति जनगणना की योजना पर चर्चा होगी। उन्होने कहा कि कर्नाटक सरकार सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ये भी कहा कि कर्नाटक सरकार एससी और एसटी समुदाय का बीते दो महीने से सर्वे करा रही है। जाति जनगणना में अभी लंबा समय लगेगा और इस पर अगली कैबिनेट बैठक में फैसला होगा।

गौरतलब है कि सिद्धारमैया सरकार में साल 2015 में भी जाति जनगणना कराई गई थी, लेकिन वोक्कालिगा और लिंगायत समुदाय के दबाव में इसकी रिपोर्ट जारी नहीं की गई थी।

## राहुल पर कमेंट करने वाले कांग्रेस नेता निलंबित



**भोपाल:** कांग्रेस पार्टी ने एक बड़ा कदम उठाया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह पर कार्रवाई हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर टिप्पणी करने के कारण लक्ष्मण सिंह को पार्टी से 6 साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। कांग्रेस हाईकमान ने यह फैसला लिया है। लक्ष्मण सिंह पर अनुशासनहीनता का आरोप है। उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण निकाला गया है। उनपर 9 मई को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ था।

लक्ष्मण सिंह पूर्व सीएम और दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के छोटे भाई हैं। वे पहले विधायक और पांच बार सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस की ओर से एक प्रेस रिलीज जारी की गई। इसमें लक्ष्मण सिंह पर पार्टी के नियमों को तोड़ने का आरोप लगाया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्हें उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण तत्काल प्रभाव से कांग्रेस से निकाल दिया गया है। उन्हे छ साल के लिए बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

**पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बयानबाजी :** यह कार्रवाई अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति की सिफारिश के बाद हुई है। समिति ने कहा कि लक्ष्मण सिंह ने बार-बार पार्टी नेतृत्व के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिए हैं।

---

# राजधानी में 60 प्रतिशत ई रिक्शे बिजली नियमों की उड़ा रहे धज्जियां, आग की घटनाओं को दे रहे न्यौता

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में करीब 1.6 लाख ई-रिक्शे हैं और हर दिन ये संख्या बढ़ती जा रही है। जिनमें 60 प्रतिशत ई-रिक्शे चोरी की बिजली से चार्ज हो रहे हैं। न तो नियमों के मुताबिक चार्जिंग स्टेशन बनाए गए और न ही चार्जिंग पॉइंट के लिए किसी ने वैध कनेक्शन लिया है। लो वोल्टेज लाइनों से एक साथ कई ई-रिक्शा चार्ज होने के चलते आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ई-रिक्शों में लगी घटिया बैटरी भी आग लगने का कारण बन रही हैं। बिजली कंपनियों का दावा है कि पिछले एक साल के दौरान 200 ई-रिक्शा चार्जिंग लोकेशन बुक किए गए हैं। दिल्ली में सिर्फ 4 हजार ई-रिक्शा ओनर ने चार्जिंग पॉइंट कनेक्शन ले रखा है।



### क्या कहते हैं नियम

बिजली कंपनियों के अनुसार ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट के लिए डीईआरसी ने नियम तय किए हैं और कमर्शल कैटिगरी में बिजली कनेक्शन लेने के लिए कहा गया है।

इस कैटिगरी में कनेक्शन जारी करने के बाद भी बिजली दरें कम रखी गई है, ताकि लोग चार्जिंग पॉइंट बनाने के लिए वैध कनेक्शन लें। इसके बावजूद ई-रिक्शा माफिया ने लो वोल्टेज लाइनों से चोरी छिपे कनेक्शन लेकर चार्जिंग पॉइंट्स बना रखे हैं और यहां एक साथ कई ई-रिक्शा चार्ज कर रहे हैं। लो-वोल्टेज लाइनों से एक साथ कई ई-रिक्शा चार्ज होने के चलते आग की घटनाएं बढ़ रही हैं।

दूसरी, वजह ई-रिक्शा में लगी घटिया बैटरी है, जो चार्ज करते समय फट रही है। बिजली कंपनियों का कहना है कि पिछले एक साल के दौरान 200 ऐसे लोकेशन को बुक किया गया है, जहां ई-रिक्शा चोरी की बिजली से चार्ज हो रहे थे। जहां भी चोरी से ई-रिक्शा चार्ज होने की सूचना बिजली कंपनी को मिलती है, वहां छापेमारी की जाती है।

### सालाना इतने करोड़ का घाटा

बिजली कंपनियों का कहना है कि दिल्ली में करीब 1.60 लाख ई-रिक्शे हैं, जिनमें से मुश्किल से 50 हजार ई-रिक्शे ही रजिस्टर्ड हैं। दिल्ली में जितने ई-रिक्शे हैं, उनमें से करीब 60 प्रतिशत ई-रिकशे चोरी की बिजली से चार्ज हो रहे हैं। इससे हर साल करीब 15-20 मेगावॉट बिजली चोरी हो रही है और बिजली कंपनियों को सालाना 120 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

# ये है कलयुग का श्रवण कुमार!: 90 साल की बुजुर्ग मां को कंधे पर बैठाकर बिहार से काशी पहुंचा





**वाराणसी।** माता-पिता को तीर्थ यात्रा पर ले जाने का विचार पुण्य का कार्य है और यह एक ऐसी यात्रा है जो माता-पिता और बच्चों के लिए बहुत ही खास होता है। इसी सोच के साथ इस कलयुग में बिहार के लाल ने अपनी 9द वर्षीय माता को काशी यात्रा कराने की ठानी और उन्हें कंधे पर लेकर निकल पड़े।

इस कलयुग में जहां लोग बुजुर्ग मां- बाप को वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं, वहीं आज कुछ श्रवण कुमार हैं, जो अपनी माता- पिता की सेवा के लिए समर्पित हैं। ऐसा ही दृश्य बुधवार को काशी में देखने को मिला। बिहार के कैमूर का रहने वाला राणा प्रताप सिंह अपनी 90 वर्षीय बुजुर्ग मां को कंधे पर बैठाकर कैमूर से चलकर काशी पहुंचा। बेटे ने पहले अपनी मां को गंगा स्नान कराया, उनकी पूजा की। इसके बाद अपने पिता की चरण पादुका की भी पूजा की। फिर मां को कंधे पर बैठाकर बाबा श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचा और बाबा विश्वनाथ का दर्शन कराया।

राणा प्रताप सिंह ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु 11 अप्रैल को हो गई, उसके बाद उसने प्रण किया कि अपनी माता को हर पूर्णिमा पर गंगा स्नान कराकर मंदिर दर्शन कराऊंगा। ऐसे में आज पूर्णिमा के दिन से इसकी शुरूआत की है। भावुक होते हुए राणा ने लोगों से अपील की कि सभी तीर्थ माता-पिता ही हैं। उनकी सेवा करना ही असली धर्म है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 12 जून-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# राजा रघुवंशी हत्याकांड : सोनम समेत सभी 5 आरोपी 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजे गए

**इंदौर/शिलांग:** राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में मेघालय के शिलांग कोर्ट ने पत्नी सोनम समेत पांच आरोपियों को 8 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा। बुधवार को मेघालय पुलिस ने सोनम रघुवंशी समेत चार अन्य आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद उन्हें शिलांग की कोर्ट में पेश किया था। अब मेघालय पुलिस इन सभी से पूछताछ करेगी। मेघालय पुलिस सोनम रघुवंशी के अलाव अन्य आरोपियों को आमना-सामना भी करवा सकती है। मेघालय पुलिस के द्वारा राजा रघुवंशी की हत्या का सीन भी रीक्रिएट किया जाएगा। मंगलवार की रात को मेघालय पुलिस ने गाजीपुर की कोर्ट से सोनम रघुवंशी की ट्रांजिट रिमांड हासिल की थी। इसके साथ मेघालय पुलिस ने उस जगह की तस्वीर भी जारी कर दी है। जहां पर राजा रघुवंशी की हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपियों की 10 दिन की रिमांड कोर्ट से मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड मंजूर की।




**कहां पर पुलिस करेगी पूछताछ? :** शिलांगा कोर्ट से आठ दिन की रिमांड मिलने के बाद मेघालय पुलिस सभी को वापस सदर थाना लेकर आई है। यहीं पर सोनम रघुवंशी और चार अन्य आरोपियों से आगे की पूछताछ की जाएगी। एसआईटी प्रमुख और एसपी (सिटी), ईस्ट खासी हिल्स, हर्बर्ट पिनियाड खारकोंगोर ने कहा कि राजा रघुवंशी हत्याकांड के सभी पांच आरोपियों को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। सभी पांच आरोपियों को जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश करने के बाद शिलांग सदर पुलिस स्टेशन वापस लाया गया है।

**मेघालय पुलिस ने जारी की तस्वीर :** इसके साथ मेघालय पुलिस ने उस जगह की तस्वीर भी जारी कर दी है। जहां पर राजा रघुवंशी की हत्या की गई थी। इससे पहले मेघालय पुलिस ने काफी कड़ी सुरक्षा मे राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम और चार अन्य आरोपियों को कड़ी सुरक्षा में शिलांग की कोर्ट में पेश किया था। इस दौरान मीडिया की भारी गहमागहमी रही थी। सोनम कल रात को शिलांग पहुंची थी, जब बाकी चारों आरोपी आज सुबह शिलांग पहुंचे थे। मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) पिछले महीने सोहरा में इंदौर के टूरिस्ट राजा रघुवंशी की नृशंस हत्या के मामले में पुख्ता आरोपपत्र दाखिल करने के लिए काम कर रही है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी और उसके साथियों से जल्द ही शिलांग में विस्तृत पूछताछ की जाएगी।

# दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब पुल का है गाजियाबाद से कनेक्शन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह जून को जम्मू कश्मीर में चिनाब रेलवे पुल का उद्घाटन किया। ये पुल दुनिया का सबसे ऊंचा पुल बताया जाता है। ये चिनाब रेलवे ब्रिज है और इसे चिनाब नदी पर बनाया गया है। इस पुल की खूबी ये है कि ये विश्व प्रसिद्ध पेरिस के एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा है। ये पुल दिल्ली की कुतुबमीनार से 287 मीटर ऊंचा है। ये खबर पूरे देश को गर्व करने का मौका दे रही है। ये सरकार की बड़ी उपलब्धी है और गाजियाबाद के लोगों के लिये ये खबर और ज्यादा गौरवान्वित करने वाले है क्योंकि दुनिया के सबसे ऊंचे पुल का निर्माण जिस कंपनी ने किया है वो कंपनी गाजियाबाद की है। गाजियाबाद की कंपनी का दुनिया के सबसे ऊंचे पुल से कनेक्शन है और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सरकार की उपलब्धियां बताते हुए इस बात का रहस्योद्घाटन किया। सांसद अतुल गर्ग ने ये बताया कि दुनिया का सबसे ऊंचा पुल बनाने वाली कंपनी गाजियाबाद की है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद की गुडलक कंपनी ने इसका निर्माण किया है। इस कंपनी की कई शाखाएं पूरे देश में हैं और कंपनी के मालिक गाजियाबाद में रहते हैं।

# 42 डिग्री टेंपरेचर में 4 घंटे तक कमिश्नरेट पुलिस ने कांवड़ यात्रा मार्ग का लिया जायजा

## मेरठ-मोदीनगर बॉर्डर से लेकर सीमापुरी-लोनी तक सुरक्षा व्यवस्था रहेगी टाइट

### - एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, कांवड़ यात्रा नोडल एसीपी श्वेता यादव और एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन रहे मौजूद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभी से कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों ने ग्राउंड लेबर पर काम करना शुरू कर दिया है। जिसके तहत गुरुवार को एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ,कांवड़ यात्रा की नोडल अधिकारी एसीपी श्वेता यादव ,एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन और मोदीनगर से लेकर लोनी बॉर्डर तक के थानों के प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। साथ ही कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगने वाले 400 से अधिक सीसीटीवी के पॉइंट निर्धारित किए गए हैं। तो वहीं छोटा हरिद्वार गंग नहर पर कांवड़ियों की सुरक्षा और नदी के तेज बहाव में किसी प्रकार का हादसा ना हो, इसको लेकर इंतजाम करने के लिए मंथन किया गया है। तो वहीं कांवड़ यात्रा मार्ग की ट्रिपल लेयर सुरक्षा व्यवस्था बनाए जाने पर भी रणनीति बनाई गई है। बता दें कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा बेहद प्रमुखता और विशाल स्तर पर निकाली जाती है।

वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार उत्तर प्रदेश में आने के बाद से कांवड़ यात्रा सरकार के मुख्य एजेंडा में भी रही है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुलिस के अधिकारियों के साथ भगवान भोले बाबा के भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी करते हैं, इसलिए भी कांवड़ यात्रा पश्चिम उत्तर प्रदेश और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए बेहद खास हो जाती है।

### मोदीनगर से लेकर लोनी बॉर्डर तक अधिकारियों ने किया कांवड़ मार्ग का सर्वे

करंट क्राइम : गुरुवार को एडिशनल सीपी से लेकर एसीपी स्तर के अधिकारियों ने 42 डिग्री टेंपरेचर में लगभग 4 घंटे तक अलग-अलग थानाक्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्ग को लेकर इसका सर्वे किया है। इस दौरान हिंडन एयरपोर्ट से पहले अधिकारी मोहन नगर पहुंचे। यहां से सीमापुरी बॉर्डर गए, फिर वहां से मेरठ रोड, मुरादनगर, मोदीनगर होते हुए मुरादनगर गंग नहर पर सुरक्षा व्यवस्था की प्लानिंग की गई। इसके साथ ही फररुख नगर चौकी टीलामोड़, पाइपलाइन और लोनी बॉर्डर इलाके तक अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा मार्ग की सुरक्षा बैरीकेडिंग और कैमरे लगाने के स्थानों का चयन किया गया है। साथ ही प्रत्येक क्षेत्र के थाना प्रभारी को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।



### ट्रिपल लेयर रहेगी पूरे कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था



करंट क्राइम : एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने जानकारी दी है की कांवड़ यात्रा के दौरान एक मार्ग भीड़ होते ही बंद कर दिया जाएगा। इस दौरान पूरे कांवड़ मात्रा मार्ग पर सुरक्षा का ट्रिपल लेयर घेरा रहेगा। सादे कपड़ों से लेकर भोले के वेश में पुलिस कर्मियों को कांवड़ ड्यूटी पर लगाया जाएगा।

### ट्रैफिक व्यवस्था का भी रहेगा भरपूर इंतजाम



करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया है की कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही पूरे मार्ग का भ्रमण कर लिया गया है। इसके साथ ही मार्ग पर आने वाले सभी अवैध कट बंद कराए जाएंगे। बिजली के खभों पर पॉलिथीन लगाई जाएगी। इसके साथ ही जर्सी बैरियर का भी इस्तेमाल होगा। सभी प्रमुख मार्ग पर जाम ना लगे, इसके लिए बैकअप रास्तों का भी प्रबंध किया जाएगा ताकि गाजियाबाद की जनता को जाम से न जूझना पड़े और कम से कम असुविधा हो।

# चालक का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप

### अस्पताल में अन्य मरीजों से भी मिले और चिकित्सा अधिकारी से कहा, मरीजों को मिले हर सुविधा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप अलग छवि और व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। बुधवार को वह संजय नगर स्थित सरकारी अस्पताल में अपने एस्कॉर्ट के चालक अमित पांडे का स्वास्थ्य लाभ जानने के लिए पहुंचे थे। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जहां अमित पांडे से मुलाकात की, तो वहीं डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की। तो इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन भी उनके साथ मौजूद रहे।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने इस दौरान अन्य मरीजों और वहां मौजूद स्टाफ से बातचीत की। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं कि आने वाले सभी मरीजों का ठीक प्रकार से उपचार हो और ख्याल रखा जाए।






### जब मंत्री ने जिला अस्पताल का रजिस्टर किया चेक और खुद का बीपी भी करवाया टेस्ट





करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप बुधवार को संजय नगर स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अपने एस्कॉर्ट चालक अमित पांडे से मुलाकात करने के बाद अस्पताल के मुख्य रजिस्टर को देखा और उसका विवरण जांचा। इस दौरान वहां मौजूद मंत्री नरेंद्र कश्यप ने चिकित्सक से उनका ब्लड प्रेशर जांचने के लिए कहा और ब्लड प्रेशर जांच कराई। साथ ही चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया है कि अस्पताल में सभी सुविधाएं और मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान

### जनता को मिले उत्तम इलाज और अस्पताल में ना रहे कोई कमी : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप बुधवार को संजय नगर स्थित जिला अस्पताल में पहुँचे। इस दौरान उन्होंने यहां कहा है कि मरीजों को उत्तम इलाज मिले, तो अस्पताल में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी को सुलभ और बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। साथ ही डॉक्टर लोगों के जीवन को बचाने पर ध्यान दें। समय से उपचार मिले और उनका व्यवहार बेहतर रहना चाहिए। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने वहां उपस्थित मेडिकल स्टाफ और अन्य अधिकारियों से भी महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत करते हुए अपने सुझाव दिए हैं।

# सिटी जोन के 10 शातिर अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

### 6 आरोपी विजयनगर तो दो-दो कोतवाली और कवि नगर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में



कमिश्नर जे रविंदर गौड ने अपराधियों के खिलाफ लगातार एक के बाद एक अभियान चला रखा है। तो लगातार उनपर कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लूट, धोखाधड़ी, चोरी और गैंग बनाकर वारदात करने वाले 10 शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इन सभी पर अन्य जनपदों को मिलाकर लगभग 59 मुकदमे दर्ज हैं। अधिकारियों का मानना है कि उनकी विस्तृत जांच कर उनके गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों को भी जल्द पुलिस पकड़ने का काम करेगी।

डीसीपी सिटी जोन आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल ने बताया है कि कोतवाली घंटाघर के भारत भूषण उर्फ भोला, शाहनवाज उर्फ नोनू की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। भारत भूषण पर पांच और शहनवाज उर्फ नोनू पर 17 मुकदमे दर्ज हैं। तो वही विजयनगर थानाक्षेत्र के मासूम अली, हाशिम त्यागी, इसरार उर्फ बबलू, रियाज अहमद उर्फ रियाजुद्दीन ,नीरज शर्मा और जितेंद्र की हिस्ट्री शीट खोली गई है। इसके साथ ही कवि नगर थानाक्षेत्र के अंकुर और मोनू जाटव उर्फ बौना पर कार्रवाई करते हुए उनकी भी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। अंकुर पर तीन और मोनू जाटव उर्फ बौना पर चार मुकदमे दर्ज हैं।

# मोदीनगर पालिका चेयरमैन की फैक्ट्री में लूट करने वाला बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

### - कार्यवाहक एसीपी प्रियाश्री पाल के नेतृत्व में हुआ खुलासा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोदीनगर पालिका चेयरमैन की फैक्ट्री में हुई लाखों की लूट के मामला का निवाड़ी पुलिस ने खुलासा किया है। इस दौरान पुलिस ने शान मोहम्मद उर्फ शानू नाम के बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपों की निशानदेही पर 15 लाख रुपए कीमत की ज्वेलरी, नौ लाख रुपये नगद, घटना में इस्तेमाल अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। कार्यवाहक एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया है कि पुलिस आरोपी की तलाश में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान शानू पुलिस के हत्थे चढ़ा जबकि इसका एक साथी फरार हो गया है। बता दें की मंगलवार रात ही निवाड़ी में जगतपाल सिंह रावत को थाना प्रभारी बनाया गया था। यहां के पूर्व प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है। इसके बाद पुलिस टीम और स्वॉड ग्रामीण के लिए इस केस को खोलना चुनौती था। लगातार इस केस को लेकर मोदीनगर तहसील में नेता, वकील, स्थानीय लोग एसीपी से जल्द खुलासे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी और से भारी मात्रा में बरामदगी भी की है। वहीं एसीपी और नए थाना प्रभारी ने खुलासा करते हुए बढ़ते हुए दबाव को भी कम करने का काम किया है।

# भाजपा नेता केडी त्यागी हो गए

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप को लेकर भावुक, कहा-

# संबंधों को सहेजना और सम्मान देना कोई नरेंद्र कश्यप से सीखे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नरेंद्र कश्यप इस समय उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। वो एमएलसी हैं और वो भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। अगर उनके राजनीतिक प्रोफाइल की बात करें तो उनसे बड़ा पॉलिटिकल प्रोफाइल गाजियाबाद में किसी नेता का नहीं है। वो इससे पहले तीन बार एमएलसी रहे हैं। राज्यसभा सांसद रहे हैं, दो प्रदेशों के प्रभारी रहे हैं।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रहे हैं और इतने बड़े प्रोफाइल के नेता की सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो बेहद सरल हैं, सहज हैं। उनकी सौम्यता, उनका मधुर स्वभाव सभी को उनका कायल कर देता है। वो सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं, लेकिन इतने सहज और इतनी सरलता से मिलते हैं कि लोग उनसे मिलने के बाद उन्हीं के हो जाते हैं। भाजपा नेता केडी त्यागी भी उस समय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप को लेकर बेहद भावुक हो गए जब नरेंद्र कश्यप अचानक उनकी माता के हालचाल पूछने के लिये उनके घर पहुंचे।

केडी त्यागी ने ये लिखा कि संबंधों को सहेजना और सम्मान देना कोई बड़े भाई नरेंद्र कश्यप से सीखे। उन्होंने लिखा कि मंत्री बनने के बाद वो दोबारा मेरे घर पर खुद चलकर आए और बैठकर मां की बातें करना उनके बड़प्पन को दशार्ता है। दरअसल केडी त्यागी से राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप के पुराने संबंध हैं और नरेंद्र कश्यप की ये सबसे बड़ी खासियत है कि वो संबंधों को पूरी शिद्दत से निभाते हैं। जब वो अचानक केडी त्यागी के यहां पहुंचे तो उनके सौम्य व्यवहार को देखकर केडी त्यागी गदगद हो गए। उन्होंने लिखा कि आज के दौर में कोई अगर छोटा-बड़ा कोई पद पा जाए तो उसकी भाषा और व्यवहार बदल जाता है।

प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होने के बाद भी नरेंद्र कश्यप इतने सहज और मृदुभाषी हैं, आपका यही गुण राजनीति में आपको और आगे लेकर जाए इसके लिये अनंत शुभकमानाएं। केडी त्यागी ने अपने शब्दों के जरिये नरेंद्र कश्यप के प्रति अपनी भावनाओं को साझा किया। उन्होंने ये बताया कि राजनीति में अभी ऐसे भी लोग हैं जो कद बड़ा होने के बाद भी सामने वाले को कभी ये एहसास नहीं होने देते कि वो छोटा है। अभी राजनीति में ऐसे भी लोग हैं जो बड़ा पद होने के बाद भी अपनी सरलता-सहजता को नहीं छोड़ते हैं। केडी त्यागी ने बेहद भावुक अंदाज में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप की तारीफ की। नरेंद्र कश्यप वास्तव में इस तारीफ के भी हकदार हैं। क्योंकि एक लंबा समय उन्होंने राजनीति में बिताया है और उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि ये है कि शानदार करियर में कभी उनका किसी से विवाद नहीं हुआ। अपने चेहरे की कभी मुस्कान नहीं खोते, सामने वाले को पूरा सम्मान देते हैं और नरेंद्र कश्यप की इसी शैली के केडी त्यागी कायल हो गए।

## संपादकीय

# पिता की खामोश मासूमियत

हमने किसी सोते हुए बच्चे को देखा होगा। उसे देखते हुए क्या हमें ऐसा नहीं लगता कि यह कितना मासूम है? उसके चेहरे पर जो मासूमियत होती है, उसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती। वह चेहरा हमारे सामने सदैव होता है, बच्चे के बड़े होने तक। हम उसी चेहरे को हमेशा प्यार करते हैं। एक और चेहरा हमारे सामने होता है। हम कोशिश करके उसे याद कर सकते हैं। हमसे कुछ सहायता प्राप्त करने वाला या कहा जाए कि हमसे उधार मांगने वाला चेहरा। इस चेहरे के भाव कुछ अलग से होते हैं, पर वह भी मासूम ही होता है। इस चेहरे पर दो तरह के भाव पाए जाते हैं। एक तो स्वाभिमान का, दूसरा शर्म का। जो हाथ पहले कभी किसी के आगे नहीं फैले होंगे, किसी वक्त वही हाथ कुछ मांगने के लिए किसी के सामने फैलाने पड़ते हैं। जो हाथ सदैव देने के लिए उठे होते हैं, बाद में वही मांगने के लिए उठते हैं। इन दोनों भावों को हम उस वक्त देख सकते हैं, जब हमसे कोई पहली बार उधार मांग रहा हो। मासूमियत वाले दो चेहरे और होते हैं। ये चेहरे होते हैं हमारे माता-पिता के। यह बात भले ही गले से नीचे नहीं उतर रही हो, पर यह सच है कि माता-पिता के चेहरे भी मासूम होते हैं। अगर हमें अपने माता-पिता के चेहरे पर मासूमियत नजर नहीं आ रही है, तो हमें अपनी समझदारी और दृष्टि पर गौर करने व उसमें सुधार करने की जरूरत है। अफसोस है कि हमें अपने माता-पिता कभी मासूम नहीं लगते। हालांकि, मां को इस सामाजिक व्यवस्था में मिले दर्जे की वजह से सर्वोच्च स्थान पर देखा जाता रहा है और इस नाते कई बार उनके चेहरे में मासूमियत दिखती है, जो स्वाभाविक और सही है। लेकिन पिता को आमतौर पर इस दृष्टि से नहीं देखा जाता। यह वह चेहरा होता है, जो सदैव सख्त दिखाई देता है। लोग इसी सख्त और गंभीरता वाले चेहरे से डर जाते हैं। हम उनके भीतर अजस्र रूप से बहती उस स्वच्छंद नदी के प्रवाह को नहीं देख पाते, जो सदैव बना रहता है। जो देख पाते हैं, वे बहुत ही भाग्यशाली होते हैं। आज जीवन मूल्य तेजी से बदल रहे हैं। सामाजिक जीवन अब कुछ ऐसी जटिलताओं से गुजर रहा है कि पिता-पुत्र के बीच की दूरियां बहुत बढ़ गई हैं। आपाधापी इतनी है कि घर में रहने वाले और तेजी से बड़े होते बच्चों के साथ संवाद तो जैसे गायब हो गया है। कई बार संवाद का काम आंखें ही कर लेती हैं। प्यार से गले लगाने के दृश्य तो अब यदा-कदा ही दिखाई देते हैं। पिता-पुत्र के बीच संवाद के सेतु का काम मां को ही करना होता है। जहां मां न हो, वहां तो स्थिति और भी विकट होती है। बच्चे को बड़ा होते देखना भला किसे नहीं भाता, पर बच्चा इतना भी बड़ा न बन जाए कि उससे संवाद करने के लिए वातावरण को हल्का करने की आवश्यकता पड़े। दिन भारी लगने लगते हैं, जब बच्चे से बात करने के लिए पिता को इंतजार करना पड़ता है। संभव है कई घरों में वातावरण हल्का रहता हो। पिता और पुत्र एक मित्र की तरह संवाद करते दिखाई देते हों। साथ-साथ घूमने जाना, एक साथ मिल कर भोजन करना आदि क्रियाकलाप हों। ऐसे माहौल में पता ही नहीं चलता कि घर में किसकी चलती है, पिता की या बेटे की। एक उम्र के बाद पिता और भी अधिक खामोश होने लगते हैं।

# हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 123 अंक चढ़ा, निफ्टी 25100 के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता और विदेशी पूंजी प्रवाह के बढ़ने से वैश्विक बाजारों में आई तेजी का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ा। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 123.42 अंक या 0.15 प्रतिशत चढ़कर 82,515.14 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 391.79 अंक या 0.47 प्रतिशत चढ़कर 82,783.5 अंक पर पहुंचा। निफ्टी में लागातर छठे दिन हरे निशान पर क्लोजिंग वहीं, एनएसई निफ्टी 37.15 अंक या 0.15 प्रतिशत बढ़कर 25,141.40 अंक पर आ गया, जो लगातार छठे दिन बढ़त का संकेत है। बुधवार तक छह सत्रों में निफ्टी में 598 अंक या 2.42 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। यूरोपीय बाजारों में भी तेजी दिखी एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय शेयर बाजारों में तेजी रही। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.43 प्रतिशत बढ़कर 67.16 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,301.87 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

### क्या रहा सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों का हाल

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स और इटरनल प्रमुख लाभ में रहे। पावर ग्रिड, अडानी पोर्ट्स, इंडसइंड बैंक, नेस्ले, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर पिछड़ने वालों में शामिल थे।

### ऑटो और आईटी क्षेत्र पर निवेशकों की नजर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ऑटो और आईटी क्षेत्र फोकस में बने हुए हैं। मासिक बिक्री में सुधार के कारण ऑटो शेयरों में तेजी आ रही है। साथ ही, अमेरिका और चीन के बीच व्यापार की उम्मीद से आईटी शेयरों को लाभ मिला। उन्होंने आगे कहा कि उच्च घरेलू मूल्यांकन के कारण व्यापक बाजारों में मुनाफावसूली जारी है। हालांकि, बड़े-कैप के लचीलेपन से सूचकांकों को समर्थन मिल रहा है। संस्थागत निवेशक स्थिर आय वाली कंपनियों को पसंद कर रहे हैं।

# ई-कॉमर्स और खुदरा व्यापार से जुड़ी नीतियों को बेहतर बनाने पर हो रही चर्चा' : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** प्रस्तावित राष्ट्रीय ई-कॉमर्स और खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा चल रही है क्योंकि दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। विभिन्न देशों के साथ व्यापार वार्ता के लिए विदेश दौरे पर गए वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है। उन्होंने कहा है कि चूंकि ई-कॉमर्स क्षेत्र एक उभरता हुआ और तेजी से बदलता हुआ विषय है, इसलिए हमने कुछ विचार सामने रखे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इसे और अधिक समसामयिक बनाने के लिए हमें नीति में संशोधन करना होगा और इस पर चर्चा चल रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खुदरा व्यापार नीति पर भी चर्चा चल रही है क्योंकि ये दोनों एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। उद्योग व आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति तैयार करने के लिए सुझाव देने को कहा है। वर्ष 2021 में खुदरा व्यापार को सुव्यवस्थित करने और खुदरा व्यापार क्षेत्र के सभी स्वरूपों के सामंजस्यपूर्ण ढंग से विकास के लिए खुदरा व्यापार नीति का मसौदा तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य व्यापार को आसान बनाना, किफायती ऋण तक आसान और त्वरित पहुंच सुनिश्चित करना व खुदरा व्यापार के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण को सुविधाजनक बनाना है। इससे पहले, मंत्रालय ने राष्ट्रीय ई-कॉमर्स नीतियों के दो प्रारूप जारी किए हैं। 2019 के मसौदे में ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र के छह व्यापक क्षेत्रों- डेटा, बुनियादी ढांचे का विकास, ई-कॉमर्स बाजार, नियामकीय मुद्दे, घरेलू डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करना और ई-कॉमर्स के जरिए निर्यात को बढ़ावा देने पर ध्यान देने का प्रस्ताव किया गया है।

# भारत में ग्रीन हाइड्रोजन होगा 40 प्रतिशत सस्ता, सरकार की नीतियों से लागत में बड़ी गिरावट की संभावना



**नई दिल्ली।** भारत में ग्रीन हाइड्रोजन की लागत में 40 प्रतिशत तक गिरावट आने की संभावना है। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े लक्ष्य रखने वाले भारत में ग्रीन हाइड्रोजन की लागत कम हो सकती है। यह गिरावट सरकार के समर्थन से होगा। ग्रीन हाइड्रोजन बनाने की औसत लागत धीरे-धीरे गिरकर 260 से 310 प्रति किलोग्राम के बीच आ सकती है, यानी लगभग 3 से 3.75 डॉलर प्रति किलोग्राम।

### हाइड्रोजन निमार्ताओं को दी गई ये रियायतें

भारत हाइड्रोजन निमार्ताओं को सस्ती अक्षय बिजली प्रदान करते आ रहा है, ओपन एक्सेस के लिए अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन शुल्क माफ किया है और वितरण और ट्रांसमिशन शुल्क कम किया गया है। साथ ही, हाइड्रोजन के लिए जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है।

### इलेक्ट्रोलाइजर की लागत में भी 7 प्रतिशत की गिरावट की संभावना

इसके अलावा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इलेक्ट्रोलाइजर निमार्ताओं के कुल सिस्टम लागत में 7 से 10 प्रतिशत की गिरावट आएगी। इलेक्ट्रोलाइजर एक ऐसा उपकरण है जो बिजली का उपयोग करके पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में अलग करता है।

### हरित हाइड्रोजन उद्योग में इन सुधारों की जरूरत

भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन दीर्घकालिक निवेश और परियोजना को बढ़ावा देने के लिए इसमें सुधार की जरूरत है। इसमें कहा गया कि भारत में हरित हाइड्रोजन मिशन को उद्योग जगत ने उत्साह के साथ अपनाया है। हालांकि, इस क्षेत्र में स्टार्टअप को आकर्षित करने और वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए आपूर्ति श्रृंखला बनाने और मांग को सुरक्षित करने की योजना को बेहतर बनाना होगा।

# एनसीएलटी ने आईनॉक्स विंड एनर्जी व आईनॉक्स विंड के विलय को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** आईनॉक्सजीएफएल समूह ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मंगलवार को एनसीएलटी के आदेश के बाद आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड का आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) में विलय हो जाएगा। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की चंडीगढ़ पीठ ने आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड और आईनॉक्स विंड लिमिटेड के विलय को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से आईनॉक्सजीएफएल समूह के पवन व्यवसाय को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा और समग्र परिचालन क्षमता में सुधार होगा। आईनॉक्सजीएफएल समूह ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मंगलवार को एनसीएलटी के आदेश के बाद आईनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड का आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) में विलय हो जाएगा। इसमें कहा गया है कि इस विलय से आईनॉक्सजीएफएल समूह के पवन ऊर्जा व्यवसाय का सरलीकरण और सुव्यवस्थितीकरण होगा, तथा समग्र परिचालन क्षमता में सुधार होगा। विलय या व्यवस्था की योजना से आईडब्ल्यूएल की देनदारियों में 2,050 करोड़ रुपये की कमी आएगी, जिससे इसकी बैलेंस शीट मजबूत होगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- स्केल का भी आविष्कार भारत में हुआ था।
- दोनों आंखें खोलकर छीकना इंपॉसिबल हैं।
- अजवाइन को खाने में कितनी कैलोरी लगती है जितनी की अजवाइन से आपको कैलोरी नहीं मिलती।
- तोते इंसानो की तरह अपने बच्चों को एक नाम देते है। और उम्र भर उनका वही नाम रहता है।
- इंसान के दिमाग का विकास 40 साल की उम्र तक तक होता है।
- क्या आपको पता है कि, पाई का आविष्कार भी यहीं भारत में हुआ था।
- अगर कोई आपको अपनी सपने के बारे में बताएं तो यह जरूर पूछना कि उसका सपना कहां से शुरू हुआ, क्योंकि सपना कहां से शुरू हुआ यह बताना पॉसिबल नहीं।
- दुनिया का 70% उपयोग किए जाने वाले मसाले भारत में ही तैयार होते हैं।
- एक गधा रेत के दलदल में डूब सकता है परंतु एक खच्चर नहीं रुक सकता है।
- इंसानो की तरह तोते भी मोटापे की बीमारी का शिकार होते हैं।
- जब बच्चा पैदा होता है तो उस समय माँ को होने वाला दर्द एक साथ 20 हड्डियां टूटने के बराबर होता है।

## राशिफल

**मेष:** आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा।

**वृष:** आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। पूरा दिन तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है।

**कर्क:** नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोंक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए साझेदारी में किसी काम को करने के लिए रहेगा। योजनाओं को गति मिलेगी और समन्वय की भावना आपके अंदर बनी रहेगी।

**कन्या:** आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, आपका काम असान हो जाएगा। कोई पुराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा।

**तुला:** आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे।

**वृश्चिक:** आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे।

**धनु:** आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। व्यापार में किसी एसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी।

**मकर:** आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**कुंभ:** आज आपकी हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राय देंगे।

**मीन:** बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

## चुटकुले

दरोगा - तुमने हवलदार की जेब में माचिस क्यों जलाई?
टोलू- सर, हवालदार साहब ने कहा था, अगर जेल नहीं जाना चाहता तो , तो जेब गर्म कर,
मैंने माचिस जला दी।

---

बिट्टू- आज सुबह जब मैं पापा के साथ बस में आ रहा था तो उन्होंने एक आंटी के लिए मुझसे अपनी सीट छोड़ने को कहा,
मां- बेटा यह तो अच्छी बात है, बड़ों का सम्मान करना चाहिए
बिट्टू - मगर मां, मैं तो पापा की गोद में बैठा हुआ था।

---

एक अक्षर गलत होने की वजह से एक किताब की 10 लाख कॉपियां दो दिन में ही बिक गईं.
दरअसल, ये गलती उस किताब के टाइटल में हो गई थी.
किताब का नाम था - 'एक आइडिया जो आपकी लाइफ बदल दे'
और गलती से हो गया - 'एक आइडिया जो आपकी वाइफ बदल दे'।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# इंग्लैंड में भारतीय टीम को खलेगी दिग्गजों की कमी

## रोहित-कोहली और अश्विन-शमी के आंकड़े दे रहे गवाही

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम तैयार है। शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरूआत करेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे।



### रोहित-विराट और अश्विन के संन्यास के बाद पहली टेस्ट सीरीज खेलेगा भारत

यह पहला मौका होगा जब रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद भारतीय टीम कोई टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। हैरानी की बात यह है कि चयनकताओं ने मोहम्मद शमी को भी टीम में शामिल नहीं किया है। ऐसे में तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई का पूरा जिम्मा जसप्रीत बुमराह पर होगा। उनका साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा मौजूद होंगे।

गिल नई जिम्मेदारी के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके सामने चुनौती बड़ी है। गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम बदलाव के दौर से गुजरी है और अब उसे नतीजे देने होंगे। दरअसल, भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, ऐसे में सभी के मन में यही सवाल उठ रहा है कि क्या गिल-गंभीर की ये जोड़ी 18 साल का सूखा समाप्त कर पाएगी? भारत ने आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी। उस वक्त तीन मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहा था। 2007 के बाद से भारतीय टीम चार बार इंग्लैंड दौरे पर गई, लेकिन जीत का स्वाद नहीं चख सकी।

भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत भी हो जाएगी।

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीमः** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

### कोहली, रोहित, अश्विन और शमी के आंकड़े

आंकड़ों पर नजर डालें तो रोहित, विराट, अश्विन और शमी ने इंग्लैंड में प्रभावित किया है। विराट कोहली ने 33.2 के औसत से 1096 रन बनाए हैं। वहीं, रोहित शर्मा के नाम 524 रन दर्ज हैं। अश्विन ने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ 18 विकेट और 261 रन बनाए हैं जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस धरती पर 42 विकेट मिले हैं। ऐसे में साफ है कि भारतीय टीम को इन अनुभवी खिलाड़ियों की कमी खलेगी।

## बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर, सुमित नागल एटीपी रैंकिंग में 233वें स्थान पर



**नई दिल्ली।** एटीपी सर्किट पर पिछले कुछ अर्से से खराब प्रदर्शन के कारण भारत के सुमित नागल एकल रैंकिंग में 63 पायदान गिरकर 233वें स्थान पर खिसक गए जो पिछले दो साल में उनकी सबसे खराब रैंकिंग है। 45 वर्ष के रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर हो गए।

पिछली बार 27 वर्ष के नागल जुलाई 2023 में शीर्ष 200 से बाहर हुए थे जब वह 231वीं पायदान पर थे। उसके बाद से वह जुलाई 2024 में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग तक पहुंचे। इस सत्र की शुरूआत से वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। वह इस साल जनवरी में रैंकिंग में शीर्ष 100 में थे लेकिन पिछले पांच महीने में 142 स्थान नीचे आ गए।

भारत के ससिकुमार मुकुंद 430वें, करण सिंह 445वें, आर्यन शाह 483वें और देव जाविया 621वें स्थान पर हैं। युगल में युकी भांबरी छह पायदान चढकर 35वें स्थान पर हैं जबकि बोपन्ना 20 पायदान खिसककर 53वें स्थान पर आ गए हैं। पिछले साल जनवरी में वह युगल प्रारूप में नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे।

## हिमाचल की बेटियों ने बीच कबड्डी में जीता रजत

### आंध्र प्रदेश में खेली गई राष्ट्रीय चैंपियनशिप



**हिमाचल प्रदेश।** हिमाचल की बेटियों ने आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम स्थित मांगीनापुड़ी बीच पर आयोजित 12वीं राष्ट्रीय बीच कबड्डी चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की महिला टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया है।

फाइनल में हिमाचल का मुकाबला हरियाणा से हुआ, जिसमें हरियाणा की टीम ने 47 अंक बनाए जबकि हिमाचल 35 अंकों पर सिमट गई। इससे पहले सेमीफाइनल में हिमाचल ने पंजाब को एकतरफा मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। हिमाचल की टीम में बिलासपुर की किरण ठाकुर ने बतौर कप्तान शानदार नेतृत्व किया। उनके साथ तनु ठाकुर, निकिता चौहान, शगुन नायक, अदिति शुप्टा और जसप्रीत कौर ने भी उम्दा प्रदर्शन किया। टीम के साथ पवना नेगी मैनेजर और विलम ठाकुर कोच के रूप में मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार ब्रांटा, महासचिव कृष्ण लाल, डॉ. गोपाल दास्ता, विजय पाल चंदेल और बीएल धमार्णी ने टीम को बधाई दी। कहा कि हिमाचल की इस जीत ने यह साबित कर दिया कि पहाड़ी बेटियां अब मैदान ही नहीं, बीच कबड्डी जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपना लोहा मनवा रही हैं।

## इंग्लैंड दौरे पर श्रेयस की अनदेखी से भड़के सौरव गांगुली, चयनकताओं को लताड़ा

**मुंबई।** पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली का मानना है कि श्रेयस अय्यर को इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में चुना जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि वह अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में उन्हें मौका मिलना चाहिए। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 20 जून से खेली जाएगी। आगामी सीरीज के लिए भारतीय टीम इंग्लैंड पहुंच चुकी है और जमकर अभ्यास कर रही है।

सौरव गांगुली ने रेवस्पोट्र्ज को दिए एक इंटरव्यू में श्रेयस अय्यर की अनदेखी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- पिछले एक साल से वह अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा रहे हैं और उन्हें इस टीम में होना चाहिए था। पिछला एक साल उनके लिए शानदार रहा है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें टीम से बाहर रखा गया। वह अब दबाव में रन बना रहे हैं, जिम्मेदारी ले रहे हैं और शॉर्ट बॉल को अच्छी तरह खेल रहे हैं। हालांकि टेस्ट क्रिकेट अलग है, लेकिन मैं उन्हें इस सीरीज में शामिल करना चाहता था ताकि देख सकूं कि वह क्या कर सकते हैं।



### पिछले साल इस प्रारूप में खेलते दिखे थे श्रेयस अय्यर

आगामी सीरीज के लिए चुने गए 18 सदस्यीय स्क्वॉड में श्रेयस अय्यर को शामिल नहीं किया गया है। 30 वर्षीय बल्लेबाज ने अब तक भारत के लिए 14 टेस्ट मुकाबले खेले हैं। इनमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतकों की मदद से 811 रन बनाए। उन्हें आखिरी बार इस प्रारूप में इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल खेलते देखा गया था, जब टीम भारत दौरे पर आई थी।

भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत भी हो जाएगी।

### 'भारत जीतेगा सीरीज'

इस दौरान गांगुली ने जसप्रीत बुमराह के फॉर्म पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह का प्रदर्शन भारत के लिए बहुत मायने रखेगा। उन्होंने आगे कहा- हमें बस दो चीजों की जरूरत है, अच्छी बल्लेबाजी और जसप्रीत बुमराह का फिट रहना। हमने ऑस्ट्रेलिया में, मेलबर्न (2020-21) में, युवा बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ जीत हासिल की, जिसमें विराट कोहली या रोहित शर्मा नहीं थे। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हम क्यों नहीं जीत सकते।

### रणजी और आईपीएल में चमके अय्यर

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने मुंबई के लिए सात पारियों में 68.57 की औसत से दो शतकों के साथ 480 रन बनाए थे। आईपीएल की बात करें तो उन्होंने पंजाब किंग्स का नेतृत्व करते हुए टीम को फाइनल में पहुंचाया था। हालांकि, वह टीम को जीत नहीं दिला सके। आरसीबी ने पंजाब को छह रन से हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया था और ट्रॉफी जीती थी। इस सीजन श्रेयस का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 17 मैचों में 604 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से छह अर्धशतक निकले।

## आने वाले समय में कौन से खिलाड़ी होंगे फैब-4 का हिस्सा?



**नई दिल्ली।** मौजूदा समय में क्रिकेट में जिन खिलाड़ियों का दबदबा रहा है, उनमें विराट कोहली, केन विलियम्सन, स्टीव स्मिथ और जो रूट शामिल हैं। इन्हें फैब-4 के नाम से भी जाना जाता है। इन चारों ने 2010 के बाद से विश्व क्रिकेट पर अपनी धाक जमाई है। चाहे वनडे हो या टेस्ट या फिर टी20 इनका हर प्रारूप में दबदबा रहा है। अभी भी चारों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अलग-अलग प्रारूपों में सक्रिय हैं, लेकिन धीरे-धीरे संन्यास की ओर बढ़ रहे हैं। इसने यह बहस भी चालू कर दिया कि आने वाले समय में इन चारों की जगह कौन लेगा। विलियम्सन ने पांच नाम सुझाए हैं, जिनमें से फैब-फोर निकलकर सामने आ सकते हैं। इन पांच में से दो भारतीय और एक-एक न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और एक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी है।

### नए फैब-4 में की चर्चा शुरू

दरअसल, कोहली टेस्ट और टी20 फॉर्मेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। स्मिथ वनडे फॉर्मेट को अलविदा कह चुके हैं। जबकि क्रिकेट की दुनिया मौजूदा 'फैब 4' का आनंद उठा रही है, अगले 'फैब 4' के बारे में बातचीत शुरू हो चुकी है। खुद फैब-4 के सदस्य विलियम्सन ने उन खिलाड़ियों का नाम लिया है। उनसे पूछा गया कि आने वाले समय में सभी प्रारूपों को देखा जाए तो फैब-4 में कौन से खिलाड़ी हो सकते हैं?

### विलियम्सन ने इनका चयन किया

इसके जवाब में विलियम्सन ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से बातचीत में कहा, 'अलग-अलग प्रारूपों को देखा जाए तो यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रचिन रविंद्र और हैरी ब्रूक जैसे खिलाड़ी दिमाग में आते हैं। कैमरन ग्रीन भी ध्यान में आते हैं। ये सभी बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उन्होंने सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। सभी युवा हैं और उनके खेल में सुधार देखा जा सकता है।'

कलिनन ने कहा, 'मैं स्मिथ, रूट या विलियम्सन को खराब नहीं कह रहा। तीनों बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। लेकिन फैब फोर के बारे में सोचने के अलावा, अगर मैं सिर्फ कोहली की बल्लेबाजी की बात करूं तो वह भारत की बल्लेबाजी की रीढ़ रहे हैं। कठिन पलों में अच्छी बल्लेबाजी कर मैच जिताना, बड़े स्कोर का पीछा करना, तेज गति से रन बनाना और पारी संभालना, खुशी से मैदान पर दुनिया का सामना करना...ये कुछ ऐसी खूबियां हैं जो उन्हें बेहतरीन बनाती हैं। ऐसे में मुझे लगता है कि वह किसी भी उम्र और समय के लिहाज से एक जबरदस्त क्रिकेटर के रूप में सामने आए हैं।'



### कलिनन ने कोहली को लेकर कही यह बात

हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार डेरिल कलिनन ने कोहली को 'फैब फोर' में सर्वश्रेष्ठ के रूप में चुना था। उन्होंने कहा था कि विराट ने क्रिकेट के सभी रूपों में जिस तरह से जिम्मेदारी भरी बल्लेबाजी की, वह देखना शानदार था। कलिनन ने कहा, 'मुझे लगता है कि फैब फोर में स्पष्ट रूप से खेल के सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ खेलने वाले खिलाड़ी हैं। इन सभी ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार खेला है। लेकिन विराट कोहली के साथ जो बात मुझे अलग करती है, वह यह है कि उन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों में जिम्मेदारी भरी बल्लेबाजी की। साथ ही कप्तानी में भी उम्मीदों पर खरे उतरे। कोहली ने ऐसे खेला जैसे वह इसे बेहद पसंद करते थे। उन्होंने टेस्ट खेलने का आनंद लिया और वह इसलिए याद भी किया जाना चाहते हैं। इसलिए मेरे मन में अन्य फैब-फोर खिलाड़ियों की तुलना में खासकर कोहली के लिए बेहद सम्मान है।'

## सूर्यकुमार यादव को आईसीसी टी-20 रैंकिंग में नुकसान, तिलक वर्मा की टॉप-3 में एंट्री

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने बुधवार, 11 जून को इंग्लैंड वर्सेस वेस्टइंडीज टी20 सीरीज के बाद ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में सबसे बड़ा फायदा इंग्लैंड के स्टार स्पिनर आदिल रशिद को हुआ है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में 4 विकेट लेने वाले रशिद दो पायदान की छलांग लगाकर दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। उनके और टॉप पर बैठे न्यूजीलैंड के जैकब डफी के बीच अब मात्र 13 रेटिंग्स का ही अंतर रह गया है। वहीं भारत के नजरिए से देखें तो वरुण चक्रवर्ती 706 रेटिंग्स के साथ तीसरे पायदान पर बरकरार है। वहीं बैटिंग में तिलक वर्मा को बैठे-बिठाए फायदा मिला है, और पूर्व नंबर-1 टी20। बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को नुकसान हुआ है।



आईसीसी की ताजा टी20। रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव 1 पायदान खिसककर टॉप-5 से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के स्टार विकेट कीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने उन्हें 6ठे नंबर पर खिसका दिया है। बटलर 772 रेटिंग्स के साथ अब पांचवें और सूर्या 739 रेटिंग्स के साथ 6ठे पायदान पर हैं। वहीं फिल सॉल्ट को 1 पायदान का नुकसान होने का फायदा भारत के तिलक वर्मा को मिला है। तिलक अब 804 रेटिंग्स के साथ टॉप-3 बल्लेबाजों में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा के साथ शामिल हो गए हैं। वहीं सॉल्ट 791 रेटिंग्स के साथ चौथे नंबर पर खिसक गए हैं।

आईसीसी की ताजा टी20। रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव 1 पायदान खिसककर टॉप-5 से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के स्टार विकेट कीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने उन्हें 6ठे नंबर पर खिसका दिया है। बटलर 772 रेटिंग्स के साथ अब पांचवें और सूर्या 739 रेटिंग्स के साथ 6ठे पायदान पर हैं। वहीं फिल सॉल्ट को 1 पायदान का नुकसान होने का फायदा भारत के तिलक वर्मा को मिला है। तिलक अब 804 रेटिंग्स के साथ टॉप-3 बल्लेबाजों में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा के साथ शामिल हो गए हैं। वहीं सॉल्ट 791 रेटिंग्स के साथ चौथे नंबर पर खिसक गए हैं।

# अब तक 13 टीमों ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया

**- 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप में 48 टीमें खेलेंगी। 2022 फीफा विश्व कप तक मेन इवेंट में सिर्फ 32 टीमें खेलती थीं। फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है।**





**ब्राजील।** ब्राजील, इक्वाडोर और ऑस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। तीनों ही अपने-अपने मुकाबले जीतने में कामयाब रहे। वहीं, लियोनल मेसी की अर्जेंटीना को कोलंबिया से ड्रॉ खेलना पड़ा। अर्जेंटीना की टीम पहले ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। इसके अलावा चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा।

अब तक कुल मिलाकर 13 टीमों ने क्वालिफाई किया है। 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप में 48 टीमें खेलेंगी। 2022 फीफा विश्व कप तक मेन इवेंट में सिर्फ 32 टीमें खेलती थीं। फीफा विश्व कप 2026 अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की मेजबानी में खेला जाना है। ये तीनों देश मेजबान होने के नाते पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। यह टूनार्मेंट अगले साल जून और जुलाई में खेला जाएगा।

अब तक क्वालिफायर के जरिये फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करने वाली टीमें

## ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया ने भी हासिल किया टिकट

**एशिया (एएफसी): जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, जॉर्डन, उज्बेकिस्तान। ओशिनिया (ओएफसी): न्यूजीलैंड। दक्षिण अमेरिका: अर्जेंटीना, ब्राजील, इक्वाडोर।**

कोनोर मेटकाफे ने ऑस्ट्रेलिया के लिये पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में मदद की। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा, जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर से गोल किया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाए, जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

वहीं, दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर लगातार 11वीं बार विश्व कप में प्रवेश किया। ओमान से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद फलस्तीन दौड़ से बाहर हो गया। एशिया से जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया, उजबेकिस्तान, जोर्डन और ऑस्ट्रेलिया क्वालिफाई कर चुके हैं। एशिया से तीसरे चौथे स्थान पर रही छह टीमों में से दो और क्वालिफाई करेंगी और यह दौर अक्तूबर में खेला जाएगा। ये टीमें ओमान, कतर, ईराक, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं। लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना को ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में कोलंबिया ने ड्रॉ पर रोका। मेसी की टीम पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है और वह डिफेंडिंग चैंपियन भी है। लुईस डियाज ने कोलंबिया के लिए 24वें मिनट में पहला गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने 81वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। एंजो फर्नांडिस को 70वें मिनट में लाल कार्ड दिखाए जाने से स्टेडियम में जमा 80000 से अधिक दर्शकों को निराशा हुई।

### ब्राजील और इक्वाडोर ने विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने परागवे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में डेब्यू के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई। रियल मैड्रिड के स्टार विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैंपियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की।
ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। उरुग्वे ने वेनेजुएला को 2-0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं और क्वालिफिकेशन के बेहद करीब है वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिए दोनों में होड़ है, चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेऑफ खेलने का मौका मिलेगा ।

# 'प्रोफेशनल मीट' में मोदी सरकार की 11 वर्षों की गौरवगाथा पर हुआ विमर्श




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केंद्र की भाजपा सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' की दिशा में तेजी से बढ़ती राष्ट्रयात्रा को जनसामान्य विशेषकर प्रोफेशनल वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा महानगर गाजियाबाद द्वारा 'प्रोफेशनल मीट' (प्रबुद्ध मिलन) कार्यक्रम का भव्य आयोजन जानकी भवन, कविनगर में किया गया।
इस आयोजन की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल एवं गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने न केवल वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है, बल्कि देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है। गरीबों के लिए शौचालय से लेकर आयुष्मान भारत तक, हर योजना ने भारत को सशक्त और स्वाभिमानी राष्ट्र में बदलने का कार्य किया है। पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल बोले, 2014 के पहले और बाद के भारत में जमीन-आसमान का फर्क है। ये 11 वर्ष सिर्फ विकास के आंकड़े नहीं, बल्कि एक संकल्पित नेतृत्व और नीति-निष्ठ प्रशासन की प्रेरणादायक कथा है।

डिजिटल इंडिया, इनफ्रास्ट्रक्चर बूम, रक्षा आत्मनिर्भरता जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक क्रांतियां हुई हैं। महापौर सुनीता दयाल ने अपने विचार व्यक्त किए, गाजियाबाद का शहरी विकास, स्मार्ट सिटी मिशन की प्रगति, स्वच्छ भारत अभियान का प्रभाव झ यह सब प्रधानमंत्री मोदी जी की योजनाओं का ही परिणाम है। मोदी सरकार ने नारी गरिमा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूती दी है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, भाजपा केवल सत्ता का माध्यम नहीं, यह सेवा का संकल्प है। 11 वर्षों में केंद्र



सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केवल नारा नहीं, धरातल पर लागू कर दिखाया है। प्रोफेशनल वर्ग राष्ट्रनिर्माण में अहम भूमिका निभाता है, और इस वर्ग को जोड़ना भाजपा की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रोफेशनल्स, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, शिक्षक, वकील एवं विभिन्न क्षेत्र के प्रतिष्ठित प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान मंचासीन नेतागण में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल, अमर दत्त शर्मा, विजय मोहन, अजय शर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री अशोक गोयल, पूर्व विधायक रूप चौधरी, कार्यक्रम संयोजक रनीता सिंह, बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, विनोद कसाना, गुंजन शर्मा सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' के अन्तर्गत डी ब्रीफिंग बैठक आयोजित

### मानसून से पहले मरम्मत एवं सफाई कार्य पूर्ण किये जाएं : केन्द्रीय नोडल अधिकारी अमित राज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जल शक्ति अभियान कैच द रेन के अन्तर्गत अमित राज, निदेशक, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय/केन्द्रीय नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में दुर्गावती सभागार विकास भवन गाजियाबाद में डी ब्रीफिंग बैठक का आयोजन किया गया।

केन्द्रीय नोडल अधिकारी अमित राज द्वारा जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत 9-6-2025 से 11-6-2025 तक कुल 18 जल संरचना कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें वन विभाग की 2 साईट उद्यान विभाग की 1, जल जीवन मिशन की 1 साईट, रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना प्रणाली की 5 साईट, 6 तालाब एवं सीवेज ट्रीमेन्ट प्लान्ट शामिल थे।

#### ठीक प्रकार किया गया है जल निकायों का निर्माण : अमित राज

**करंट क्राइम।** अमित राज ने बताया जल निकायों का निर्माण ठीक प्रकार किया गया है, परन्तु तालाब के आस-पास कूड़ा कचड़ा आदि की सफाई की अति आवश्यकता है। जल निकायो में गाँवो का गन्दा पानी जाने से रोकने तथा उपचार के उपरान्त ही जल को निकाय में छोड़ा जाना चाहियें। कुछ तालाबों पर नालियां टूटी हुई पायी गयी। मानसून से पहले सभी नालियों की मरम्मत करते हुये सफाई की जानी सुनिश्चित की जायें। अवशिष्ट जल को एसटीपी के माध्यम से तालाब से जोड़ा जाये।

#### तालाब के पास सफाई की अति आवश्यकता : केन्द्रीय नोडल अधिकारी

**करंट क्राइम।** अधिकतर जल निकाय सूखे पड़े है, जिनको पानी से भरने के लिये आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिये। रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना प्रणाली की समय-समय पर मरम्मत की आवश्यकता है एवं जिन भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्थापना प्रणाली स्थापित है, वहां समय-समय पर छत की समुचित सफाई की जानी चाहिये। इन्द्रापुरम स्थित 40 एमएलडी ट्रीटमेन्ट प्लान्ट बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उद्योगोंको चाहिए वर्तमान उपभोग 12 एमएलडी बढ़ाकर पूरा 40 एमएलडी करें। जुलाई, 2025 में प्रस्तावित वृक्षा रोपण कार्यक्रम को समूचित तरीके से इस प्रकार लागू किया जाये कि वर्षा ऋतु के पश्चात भी अधिक से अधिक पौधें जीवित रहें।

#### निरीक्षण में पाई गयी कमियों को सम्बंधित अधिकारियों द्वारा मानसून से पहले दूर कर लिया जायेगा : जिलाधिकारी दीपक मीणा

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा केन्द्रीय नोडल अधिकारी, अमित राज को आश्वस्त किया कि निरीक्षण में पायी गयी कमियों को सम्बंधित अधिकारियों द्वारा मानसून से पहले दूर कर लिया जायेगा। इसके साथ ही सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल संरक्षण से संबंधित कार्यों को मानसून से पहले अवश्य रूप से समाप्त कर लिया जायें। बैठक समाप्त करते हुये जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा अमित राज, केन्द्रीय नोडल अधिकारी व अमित कुमार, तकनीकी अधिकारी का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

#### कार्यक्रम में उपस्थिति रही

**करंट क्राइम।** बैठक में दीपक मीणा, जिलाधिकारी, गाजियाबाद, आयान जैन (ट्रेनी आई.ए०.एस.), अमित कुमार, तकनीकी अधिकारी / सहायक निदेशक, सी०. डब्लू० सी०. दिल्ली, प्रज्ञा श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी गाजियाबाद, भारत भूषण, अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम, गाजियाबाद, प्रदीप कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी, गाजियाबाद, सृष्टि जायसवाल, नोडल अधिकारी, गाजियाबाद व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने रूकवाया संत रविदास के मंदिर की जगह पार्किंग बनाने के कार्य को

### स्थानीय लोगों के साथ बसपा प्रतिनिधि मंडल ने की जिलाधिकारी से मुलाकात



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बसपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर लोनी स्थित रविदार मंदिर को पार्किंग में बदलने के फैसले पर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित के नेतृत्व में बसपा कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया जिसमें लोनी के रविदास मंदिर को पार्किंग स्थल बनाने के फैसले पर पुनर्विचार की गुजारिश की गई।
ज्ञापन में बसपा कार्यकताओं ने कहा कि लोनी क्षेत्र में प्राचीन रविदास मंदिर है जिसमें नगर पालिका पार्किंग स्थल बनाना चाहती है। जिसे लेकर संत रविदास के अन्य एवं क्षेत्रीय जनता में नगर पालिका के खिलाफ बहुत रोष है। सदगुरु संत श्री रविदास दलित समाज के साथ सभी समाज में पूजनीय है। केंद्र सरकार संत रविदास की जयंती को धूमधाम से मनाती है तो वही लोनी नगर पालिका संत रविदास के मंदिर की जगह पार्किंग बनाने में लगी हुई है। बसपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने कहा कि जिलाधिकारी दीपक मीणा ने आश्वासन दिया कि वे इस मुददे पर नगर पालिका लोनी के अधिकारियों से बात कर सर्वमान्य हल निकालेंगे। जिलाधिकारी ने तुरंत अस्थायी तौर पर पार्किंग निर्माण के कार्य को रोकने का आदेश दिया। नरेंद्र मोहित ने कहा कि नगर पालिका के इस फैसले से दलित समाज में भारी नाराजगी है। पार्किंग ना बन पाए इसके लिए स्थानीय लोगों के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात की गई। जिलाधिकारी ने पार्किंग बनाने के कार्य को तत्काल रुकवा दिया गया। इस मौके पर राम रतन बौद्ध समिति अध्यक्ष रविदास मंदिर, धर्मपाल प्रधान बागराणप, रमेशचंद्र गौतम, सुरेन्द्र कुमार, उदय सिंह, सरजीत बंथला, एडवोकेट आनन्द चन्देश, चतर सिंह, देवेंद्र प्रधान, प्रदीप मौर्या, धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

## सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश ने धरना समाप्त करने की घोषणा की

### कहा, हमारी समस्त मांगों को मान लिया गया है




**गाजिाबाद, करंट क्राइम।** सभासद संघर्ष समिति का धरने का दूसरा दिन था तय समय पर धरना शुरू हुआ। दोपहर को नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली व उपजिला अधिकारी मोदीनगर और कोतवाल निवाड़ी ने धरने स्थल पर आकर अवगत कराया कि सभासद संघर्ष समिति की समस्त मांगों को मान लिया गया है और थाना प्रभारी निवाड़ी और मोदीनगर को लाइन हाजिर कर दिया गया है। घटना का भी खुलासा जल्दी कर दिया जायेगा। नगर पालिका अध्यक्ष व उपजिलाअधिकारी के आश्वासन पर सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश ने धरना खत्म करने की घोषणा की। इस मौके परवेद प्रकाश सभासद, प्रदीप शर्मा सभासद, ललित त्यागी सभासद, ललित मित्तल सभासद, जीतेन्द्र चौधरी सभासद, बॉबी चौधरी सभासद, अंकुर चौधरी सभासद, नरेन्द्र तोमर सभासद, धर्मवीर मास्टर सभासद, सोनू डमरू, गुलाब सिंह सभासद, नीटू चौधरी सभासद, राहुल खटीक सभासद, गोल्डी नेहरा सभासद, सूबे सिंह सभासद, मोनू धामा सभासद, संजय चौधरी सभासद, दुश्यंत यादव सभासद, रजनीश चौधरी सभासद और अमित कराते, मनीष अग्रवाल, संजय पिंडी, अमित शर्मा गुड्डू प्रधान, अप्पू गुर्जर।




## कई थ्री-स्टारों को है अभी इंतजार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जोड़े जोड़े में थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले जा रहे हैं। जिसको लेकर बताया जा रहा है पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थ्री-स्टार अभी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि बकरीद के बाद बहुप्रतीक्षित लिस्ट तो आई पर इसमें दो लोगों को लाइन हाजिर किया गया और उनके स्थान पर दो थ्री-स्टार को मौका दिया गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा थी कि जिन 11 थानों पर टू-स्टार हैं वहां के लिए कोई नया आदेश आएगा या बदलाव होगा लेकिन अभी ऐसा देखने को नहीं मिला है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि ट्रांस हिंडन और सिटी को लेकर भी ऐसी ही छोटी-छोटी लिस्ट कभी भी जारी की जा सकती हैं। सूत्र बता रहे हैं कि बड़े स्तर पर बदलाव अभी संभव नहीं लग रहे हैं और अगर कोई तबादला एक्सप्रेस आएगी भी तो वह अब कांवड़ यात्रा के बाद ही होगी क्योंकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां और इंतजाम का रियलिटी टेस्ट करना शुरू कर



दिया है। उधर बताया जा रहा है कि देहात में जो दोनों थाना प्रभारी लाइन वाले इलाके में भेजे गए हैं, उनकी कई शिकायतें पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के पास थीं। साथ ही वह लोकल स्तर पर क्राइम कंट्रोल और मैनेजमेंट में सक्सेसफुल नहीं बताए जा रहे हैं। सुनने में आया है कि नगर वाले इलाके के प्रभारी का तो मामला फोन ना उठाने के लिए भी चर्चा का विषय बनता था। उधर बताया जा रहा है कि देहात वाले दूसरे थाना प्रभारी का थाने से बाहर मन कम लगता था और दोनों ही प्रभारी इलाके में भी कम एक्टिव रहते थे। यही वजह है कि अधिकारियों ने तमाम तरीके के एनालिसिस करने के बाद ही दोनों को लाइन वाला रास्ता दिखाया है। तो वहीं दोनों थाने पर जो नए प्रभारी भेजे गए हैं, अब उनके लिए कई तरीके की चुनौती हैं। साथ ही क्राइम कंट्रोल से लेकर मैनेजमेंट का बेहतर प्रदर्शन भी करना होगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई ऐसे थ्री-स्टार थे, जिनकी पकड़ और पहुंच मजबूत बताई जा रही थी, वह अभी फिर वेट एंड वॉच वाली स्थिति में हैं। इसमें कई ऐसे हैं जो खास बताए जा रहे थे, तो कई अपनी वर्किंग के दम पर ताल ठोक रहे थे। कुल मिलाकर अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कौन से जोन की शार्ट लिस्ट आती है और किसको चार्ज दिया जाता है।

## कांग्रेसियों ने बिस्मिल, अबुल कलाम और राजेश पायलट को किया याद

### स्व. राजेश पायलट हमेशा किसान हित के बारे में सोचते थे: वीर सिंह जाटव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस महानगर कार्यालय पर बुधवार को आयोजित गोष्ठी में स्वतंत्रता सेनानी रामप्रसाद बिस्मिल, देश के प्रथम शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कंपनी बाग स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित इस सभा की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने की। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने कहा कि मौलाना आजाद केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक महान शिक्षाविद् और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उनकी शिक्षा के प्रति दूरदृष्टि ने आज के भारत की नींव रखी।



उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजेश पायलट ने अपनी मेहनत और लगन से एक आम कार्यकर्ता से केंद्रीय मंत्री तक सफर किया। वे हमेशा किसान हित के बारे में सोचते थे।

कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सलीम अहमद ने भी मौलाना आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हम उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए यह संकल्प लेते हैं कि देश के वंचित और पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ेंगे। इस अवसर पर कोर्डिनेटर नरेश कुमार भाटी, एससी एसटी विभाग महानगर अध्यक्ष आशीष प्रेमी, प्रदेश सचिव सेवादल प्रेम प्रकाश चीनी, एडवोकेट चंद्रपाल, बिनोद कुमार जाटव, दीपक मोंगे, शमशूदीन सैफी, बिनोद कुमार शर्मा, आबिद चौहान, डा एल एन शर्मा, श्रीचंद दिवाकर, गोपाल भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण हटाने की जीडीए ने की कार्रवाई तो कुछ दुकानदारों ने किया विरोध, पुलिस ने खदेड़ा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा सडकों एवं स्वीकृत नक्शे के विपरित किए गए अवैध निर्माण/अतिक्रमण हटाए जाने के दिए आदेश के क्रम में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन 1 के प्रभारी अधिकारी के दिशा निर्देश पर क्षेत्रान्तर्गत स्थित राजनगर एक्सटेंशन में वीवीआईपी सोसाइटी के पीछे के. डब्लू. सृष्टि सोसाइटी के पास आनन्दीबाई जोशी रोड के भाग में किए गए अवैध निर्माण को हटाए जाने की बडी कार्रवाई की गई। इस दौरान सहायक अभियंता, सुपरवाइजर/वर्कमेट, क्षेत्रीय पुलिस बल एवं जीडीए पुलिस बल की सहायता से आज दिनांक 11 जून 2025 को अतिक्रमण को हटा दिया गया हैं। अतिक्रमण हटाओं अभियान की कार्रवाई के दौरान स्थल पर दुकान स्वामियों द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन क्षेत्रीय पुलिस एवं प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा उनको डंडे फटक कर भगा दिया गया। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन 1 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिए गए कि सड़कों पर अवैध अतिक्रमण को बक्शा नहीं जाएगा।



## नोएडा में युवक की गोली मारकर हत्या

### स्कूटी से आए बदमाशों ने कमरे के अंदर मारी गोली

### बुधवार को ही नोएडा मकान में हुए थे शिफ्ट



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में दिन दहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक के सिर में गोली लगी है। हत्यारोपी स्कूटी से आए थे और मौके पर ही स्कूटी छोड़कर फरार हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची है। जांच पड़ताल की जा रही है। साथ ही स्कूटी को भी पुलिस ने जब्त किया है। स्कूटी नंबर को भी देखा जा रहा है। बताया गया कि हत्या रंजिशन और पहले से प्लान करके की गई है।

किराए पर बुधवार को ही रहने आए थे मृतक डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि मृतक की पहचान बुलंदशहर निवासी ओमपाल सिंह के रूप में हुई है। ये लोग एक दिन पहले ही डब्ल्यू-ब्लाक में किराए पर मकान लेने आए थे। बुधवार को ही दोपहर में मकान में शिफ्ट हो रहे थे।

इसी दौरान तीन लोग आए और उनसे ओमपाल की बहस हुई। इसके बाद इन लोगों ने ओमपाल को कमरे में सिर पर गोली मार दी। और मौके से फरार हो गए। डीसीपी ने बताया कि घटना की जांच के लिए तीन टीम लगाई गई है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे है। ये लोग एक दूसरे को जानते थे। कई फैक्ट मिले है। जिन पर काम किया जा रहा है। जल्द ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# भूख पर भारी मौत, राहत सामग्री की जद्दोजहद में फलस्तीनी इस्राइली सेना की गोलीबारी में 36 की मौत

**डेर अल-बलाह ।** फलस्तीनियों को काबू में करने के लिए इस्राइली सेना लगातार गोलीबारी कर रही है। मंगलवार को गाजा में सहायता प्राप्त करने का प्रयास कर रहे फलस्तीनियों पर एक बार फिर गोलीबारी की गई। इसमें 36 लोग मारे गए और 207 घायल हो गए।



नासेर अस्पताल ने बताया कि दक्षिणी गाजा में राफा के आसपास सहायता प्राप्त करने का प्रयास करते समय कम से कम आठ लोग मारे गए। वहीं उत्तरी गाजा में दो पुरुष और एक बच्चे की मौत हो गई और कम से कम 130 लोग घायल हो गए। चश्मदीदों के मुताबिक इस्राइली सेना ने मध्य गाजा में सहायता स्थल से कुछ दूरी पर सुबह करीब दो बजे गोलीबारी की। भोजन की आस में भीड़ से बचने के लिए ये फलस्तीनी कई घंटे पहले सहायता केंद्र पर पहुंचे थे। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने संदिग्धों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। उसने कहा कि वे सहायता स्थल के खुलने के समय से पहले ही उसके सैनिकों की ओर बढ़ गए थे। इजरायली और अमेरिकी समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित सहायता स्थलों के पास हुई गोलीबारी में अब तक कम से कम 163 लोग मारे गए और 1,495 घायल हो गए।

बुरेज शरणार्थी शिविर के निवासी मोहम्मद अबू हुसैन ने बताया कि इस्राइली ड्रोन और टैंकों ने गोलीबारी की। उन्होंने देखा कि गोली लगने से पांच लोग घायल हो गए। वहीं गाजा शहर में इजरायली हमले में तीन फलिस्तीनी चिकित्सक मारे गए। स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा के चिकित्सक गाजा शहर के जाफा स्ट्रीट में एक घर पर हुए इस्राइली हमले का जवाब दे रहे थे, तभी दूसरा हमला इमारत पर हुआ।

**इस्राइल-हमास युद्ध का दंश झेल रहे फलस्तीनी भूख से तड़प रहे थे। संयुक्त राष्ट्र और अन्य देशों के दबाव के बाद जब इस्राइल ने सहायता सामग्री भेजना शुरू किया तो फलस्तीनी का सब्र टूट रहा है। आलम यह है कि गाजा में वितरण केंद्रों पर राहत सामग्री पाने के लिए भीड़ उमड़ रही है**

अकाल के कगार पर गाजा इस्राइल की नाकाबंदी और सैन्य कार्रवाई ने गाजा को अकाल के कगार पर पहुंचा दिया है। इस्राइल और अमेरिका का कहना है कि उन्होंने नई खाद्य वितरण प्रणाली की शुरूआत हमास को मानवीय सहायता चुराने और उसका उपयोग आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण में करने से रोकने के लिए की है।

# एआई से खुफिया काम में आई रफ्तार, तुलसी गबार्ड बोलीं- इसके सही इस्तेमाल से बचेंगे पैसे और समय

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से खुफिया एजेंसियों का काम आसान होने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से देश की खुफिया एजेंसियों का काम अब पहले से कहीं ज्यादा तेजी से हो रहा है। वॉशिंगटन में आयोजित अमेजन वेब सर्विसेज सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अगर एआई का इस्तेमाल सही तरीके से किया जाए, तो यह समय और पैसा दोनों बचा सकता है।



## एआई से दस्तावेजों की जांच में आसानी

गबार्ड ने बताया कि एआई अब न केवल मानव संसाधन (एचआर) से जुड़े काम संभाल रहा है, बल्कि संवेदनशील दस्तावेजों की वर्गीकृत जानकारी को जांचने में भी मदद कर रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर केनेडी भाइयों की हत्या से जुड़े हजारों दस्तावेजों को सार्वजनिक करने का काम एआई की मदद से बहुत तेजी से हो रहा है।

गबार्ड ने कहा कि पहले ये काम इंसान करते थे, जिससे सालों लग सकते थे, लेकिन एआई ने कुछ ही समय में यह प्रक्रिया पूरी कर दी। इसके साथ ही गबार्ड ने ये भी कहा कि वह खुफिया एजेंसियों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ाना चाहती हैं, और अक इसमें बड़ी भूमिका निभा रहा है।

## निजी तकनीक का उपयोग बढ़ेगा

अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर ने कहा कि खुफिया एजेंसियां पहले से ही निजी कंपनियों की तकनीक पर निर्भर हैं, और वह चाहती हैं कि इस सहयोग को और बढ़ाया जाए। उनका कहना है कि एजेंट्स का समय और मेहनत सिर्फ उसी काम में लगनी चाहिए जो केवल इंसान ही कर सकते हैं।

# लॉस एंजेलिस में 5000 सैनिक तैनात: कैलिफोर्निया के गवर्नर बोले- सैन्य जाल बिछा रहे ट्रंप, यह लोकतंत्र पर हमला

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने लॉस एंजिलिस में सेना की तैनाती को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आड़े हाथों लिया है। गवर्नर न्यूसम ने मंगलवार को (स्थानीय समयानुसार) कहा, राष्ट्रपति ट्रंप लॉस एंजिलिस में 'सैन्य जाल बिछा रहे' हैं। गवर्नर न्यूसम डेमोक्रेटिक खेमे से आते हैं। ऐसे में अमेरिका की राजनीति को देखते हुए उनकी टिप्पणी की अहमियत बढ़ जाती है।



**सुरक्षाबलों ने बर्तन धोने वाले, माली, दिहाड़ी मजदूरों को हिरासत में लिया :** गवर्नर न्यूसम ने कहा, ट्रंप की आव्रजन कार्रवाई अपराधियों की गिरफ्तारी से कहीं आगे बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में 'बर्तन धोने वाले, माली, दिहाड़ी मजदूर और दर्जी' भी शामिल हैं। लॉस एंजिलिस में सेना की तैनाती अन्य राज्यों के लिए चेतावनी जैसी ट्रंप के फैसले से असहमत कैलिफोर्निया के गवर्नर ने कहा कि उनकी सहमति या समर्थन के बिना कैलिफोर्निया में नेशनल गार्ड को तैनात करने का ट्रंप का निर्णय अन्य राज्यों के लिए चेतावनी जैसा है। न्यूसम ने कहा कि भले ही यह पहला मामला हो, लेकिन ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई यहीं समाप्त नहीं होने वाली।

गौरतलब है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर न्यूसम ने अदालत में कहा कि सैनिकों का उपयोग आव्रजन कार्रवाई में करना अनुचित है और इससे स्थिति और भड़क सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य को इस फैसले की कोई जानकारी नहीं दी गई थी और इससे कैलिफोर्निया की स्वायत्तता को ठेस पहुंची है। ट्रंप और गवर्नर के बीच तनातनी पिछले चार दिनों में भारी हिंसा के चलते ट्रंप ने नौसैनिकों और अतिरिक्त नेशनल गार्ड को लॉस एंजिलिस भेजने का फैसला किया।

# राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ टिप्पणियों पर मस्क ने अफसोस जताया, एक्स पर पोस्ट कर कहा- लंबा खिंचा विवाद

**नई दिल्ली ।** अमेरिका में राजनीतिक उथल-पुथल के संकेतों के बीच एलन मस्क के तेवर नरम पड़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक रहे अरबपति उद्योगपति एलन मस्क अब उनकी नीतियों की मुखर आलोचना करने के करीब एक हफ्ते बाद अपने बयानों पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि एक्स पर जारी वार-पलटवार का मामला लंबा खिंच गया। ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप को लेकर उन्होंने जो भी बयान दिए, इसका उन्हें गहरा अफसोस है। गौरतलब है कि दोनों दिग्गजों के बीच यह टकराव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट से बीते पांच जून से शुरू हुई थी।





बता दें कि मस्क ने ट्रंप के साथ सीधे टकराव के बीच अपनी अंतरिक्ष परियोजनाओं को बंद करने का एलान कर दिया था। ट्रंप को भी पत्रकारों के बीच लगातार मस्क से टकराव के मुद्दे पर बोलते देखा गया। विवाद की शुरूआत उस समय हुई जब सबसे पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, मुझे एलन हमेशा पसंद रहे हैं... मैं चाहूंगा कि वे बिल की बजाय मेरी आलोचना करें, क्योंकि बिल अविश्वसनीय है। यह हमारे देश के इतिहास में सबसे बड़ी कटौती है। यह लगभग 1.6 ट्रिलियन डॉलर की कटौती है। यह सबसे बड़ी कर कटौती है। लोगों पर लगने वाले टैक्स बहुत कम हो जाएंगे। हम उस बिल में ऐसी चीजें कर रहे हैं जो अविश्वसनीय हैं... एलन इसलिए परेशान हैं क्योंकि हमने इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल (एव) से जुड़े फैसले लिए। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बहुत अधिक धन दिया जा रहा था। कटौती के बाद मस्क को मुश्किल समय का सामना करना पड़ रहा है। वे चाहते हैं कि सरकार सब्सिडी के रूप में अरबों डॉलर का भुगतान करे।

ट्रंप के बयान के मस्क ने एक्स पर लिखा, अगर उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन नहीं किया होता, तो ट्रंप 2024 का राष्ट्रपति चुनाव हार जाते। मस्क ने दावा किया कि ऐसी स्थिति में डेमोक्रेट्स को अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा में बहुमत मिल जाता और संसद के ऊपरी सदन यानी सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी सिर्फ 51-49 के अंतर से सीनेट में बढ़त बना पाती।

अमेरिका में नए राजनीतिक दल की जरूरत, मस्क ने सर्वे शुरू कर दिया इसके बाद मस्क ने एक और धमाका किया।

# इस्राइली नौसेना ने पहली बार यमन में किया हमला, हूतियों की सप्लाई चेन काटने की कोशिश

**तेल अवीव ।** इस्राइली नौसेना ने पहली बार यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला किया। यह हमला यमन के पोत शहर होदेइदा में किया गया। इससे पहले मंगलवार की सुबह इस्राइली वायुसेना ने भी होदेइदा में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। अब नौसेना द्वारा भी होदेइदा को निशाना बनाया गया। होदेइदा शहर पर हूतियों का कब्जा है और माना जाता है कि यमन में राशन और अन्य जरूरी सामान की सप्लाई के लिए होदेइदा काफी अहम है। आरोप है कि होदेइदा से ही हूतियों को हथियारों की सप्लाई होती है। ऐसे में इस्राइली नौसेना के हमले में हूतियों की सप्लाई चेन काटने की कोशिश की गई।



अमेरिका ने भी बीते दिनों किए थे यमन पर हमले

हमले में होदेइदा को काफी नुकसान हुआ है। होदेइदा से होने वाली हथियारों की कथित सप्लाई संयुक्त राष्ट्र की पकड़ में भी नहीं आ पा रही थी। मंगलवार सुबह को हूतियों ने भी एक बार फिर इस्राइल पर मिसाइल हमला किया था। हालांकि इस्राइल के एयर डिफेंस ने मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया। इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने भी यमन के हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे, जिनमें 74 लोग मारे गए थे। अब इस्राइल द्वारा हूतियों पर हमले किए जा रहे हैं। इस्राइल ने हूतियों को चेतावनी भी दी है कि अगर वे आगे भी इस्राइल पर हमले जारी रखते हैं तो इस्राइल द्वारा फिर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस्राइली रक्षा मंत्री ने यमन का हवाई और समुद्री तौर पर ब्लॉक करने की धमकी दी।

## भूमध्य सागर में तैनात है इस्राइली नौसेना

इस्राइली सेना ने बताया कि मिसाइल नौकाओं से यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला किया गया।

# ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन में कई देशों के अपने समकक्षों से की मुलाकात, चुनाव प्रबंधन पर चर्चा

**स्टॉकहोम।** स्वीडन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने इंडोनेशिया, मंगोलिया और दक्षिण अफ्रीका समेत कई देशों के चुनाव आयोग प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। ये मुलाकातें स्टॉकहोम में 10 से 12 जून तक चल रहे इंटरनेशनल आईडीईए स्टॉकहोम कॉन्फ्रेंस ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी के दौरान हुईं।

बता दें कि इस सम्मेलन में करीब 50 देशों से 100 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इसका आयोजन इंटरनेशनल आईडीईए संस्था की तरफ से स्वीडन के विदेश मंत्रालय, स्वीडिश चुनाव प्राधिकरण और ऑस्ट्रेलियन इलेक्टोरल कमीशन के सहयोग से किया जा रहा है। सम्मेलन में किन-किन नेताओं से हुई मुलाकात सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अब तक जिन देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की है, उनमें इंडोनेशिया के चुनाव आयोग प्रमुख मोहमद अफीफुद्दीन, मंगोलिया की चुनाव प्रमुख पुरवी डेल्गर्नारन और दक्षिण अफ्रीका के चुनाव प्रमुख मोसोथो साइमन मुएप्या शामिल हैं।



## आगे और भी बैठकें प्रस्तावित

मामले में चुनाव आयोग की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि आने वाले दिनों में ज्ञानेश कुमार करीब 20 देशों के चुनाव प्रमुखों से एक-एक करके मुलाकात करेंगे। इनमें यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, फ्रांस, मैक्सिको, स्विट्जरलैंड जैसे देशों के अधिकारी भी शामिल हैं।

गौरतलब है कि इन बैठकों का मकसद वैश्विक लोकतांत्रिक सहयोग को बढ़ाना और चुनाव संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना है।

# संविधान सत्ता को संतुलित करता है, ताकि गरिमा बहाल हो सके, ऑक्सफोर्ड यूनियन में सीजेआई गवई

**लंदन।** यह बात मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने ऑक्सफोर्ड यूनियन में अपने संबोधन के दौरान कही।

सीजेआई गवई 'प्रतिनिधित्व से लकर क्रियान्वयन तकः संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन के अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से उन्होंने एक नगरपालिका स्कूल से देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक का सफर तय किया और कैसे इसमें संविधान ने उनका मार्गदर्शन किया, जिसको अब 75 साल पूरे हो गए हैं।



उन्होंने संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर की भूमिका पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे आंबेडकर ने दूरदर्शिता के साथ संविधान में पर्याप्त सुरक्षा और सकारात्मक प्रावधानों, खासकर प्रतिनिधित्व के सिद्धांत को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सीजेआई गवई ने कहा, कई दशक पहले भारत में लाखों लोगों को 'अछूत' कहा जाता था। उन्हें यह बताया जाता था कि वे अशुद्ध हैं, वे इस समाज का हिस्सा नहीं हैं और वे खुद के लिए बोल भी नहीं सकते। लेकिन आज हम यहां हैं। आज उन्हीं लोगों में से एक व्यक्ति (खुद गवई) देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर बैठकर खुलकर बोल रहा है। यही भारत के संविधान ने किया। उसने भारत के लोगों से कहा कि वे इस देश के हैं, वे खुद के लिए बोल सकते हैं औ समाज व सरकार के हर क्षेत्र में उनकी बराबरी की जगह है।

उन्होंने कहा, संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज या सियासी ढांचा नहीं है। यह एक भावना है। जीवनरेखा है और स्याही से लिखी हुई एक शांत क्रांति है। मेरी अपनी यात्रा में (नगरपालिका के स्कूल से सीजेआई बनने तक) यह मेरे लिए मार्गदर्शन की एक ताकत रही है। जस्टिस गवई ने कहा, संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो जाति, गरीबी, बहिष्कार और अन्याय की कठोर सच्चाई से आंखें नहीं चुराता। यह दिखावा नहीं करता कि सभी बराबर हैं, बल्कि यह साहस करतरा है कि वह सत्ता को फिर से देखे, संतुलित करे और गरिमा को बहाल करे। उन्होंने आगे कहा, आंबेडकर की सोच में प्रतिनिधित्व का विचार सबसे शक्तिशाली और और स्थायी रूप से दिखाई देता है। वह एक राजनेता, विद्वान, न्यायविद और सामाजिक क्रांतिकारी थे, जो भारतीय समाज के सबसे शोषित वर्ग से आए थे। सीजेआई ने कहा, डॉ. आंबेडकरक के लिए प्रतिनिधित्व केवल सीटों का बंटवारा भर नहीं था, बल्कि यह एक नैतिक और लोकतांत्रिक जरूरत थी।

**भारत का संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो यह दिखावा नहीं करता कि सभी लोग बराबर हैं, बल्कि यह साहस करता है कि वह सत्ता को फिर से संतुलित करे और गरिमा को बहाल करे**

उन्होंने आगे कहा, भारतीय लोकतंत्र की असली खूबसूरती इसमें है कि जब हम संविधान के 75 वर्षों का जश्न मना रहे हैं, हम लगातार इस बात पर विचार करते हैं।

# ताइवान के पूर्वी तट पर भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 6.4 तीव्रता

**ताइपे ।** ताइवान के पूर्व तट के पास बुधवार को 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केद्र 30.9 किलोमीटर गहराई में था। अभी तक किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। ताइवान की केंद्रीय मौसम एजेंसी ने यह जानकारी दी।



निगरानी एजेंसियों ने बताया कि भूकंप ताइवान में हुआलियन शहर से करीब 71 किलोमीटर दक्षिण में आया। बुधवार शाम 7:01 बजे सेल फोन अलार्म बजने के कुछ सेकंड बाद भूकंप आया। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 5.9 थी और इसका पता 31.1 किलोमीटर की गहराई पर लगा। ताइवान के केंद्रीय मौसम एजेंसी ने इसकी तीव्रता 6.4 बताई। ऐसी भिन्नता अक्सर देखने को मिलती है, क्योंकि अलग-अलग जगहों पर स्थित यंत्रों की संवेदनशीलता और स्थिति अलग होती है।

राजधानी ताइपे में इमारतें करीब एक मिनट तक हिलती रहीं। हालांकि, अब तक किसी बड़े नुकसान की कोई खबर नहीं है। हुआलियन ताइपे से करीब 154 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है और जनसंख्या की दृष्टि से अपेक्षाकृत कम घनत्व वाला इलाका है। इसके विपरीत ताइवान के पश्चिमी हिस्से में आबादी बहुत अधिक है और यह क्षेत्र अक्सर भूकंपों की चपेट में आता रहता है।

ताइवान प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' नामक भूकंपीय क्षेत्र में आता है, जो चिली से लेकर न्यूजीलैंड तक फैला है। यह इलाका दुनिया के अधिकांश भूकंपों का केंद्र होता है। ताइवान में सबसे विनाशकारी भूकंप 1999 में आया था, जिसकी तीव्रता 7.7 थी। उस भूकंप में 2,415 लोगों की मौत हुई थी और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थीं।

**NAME CHANGED**

I, Sanjay Swar, S/O Madhusudan Swar, resident of 4184, Sector - 4A, Vasundhara, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201012, have changed my name from Sanjay Swar to Sanjay Kumar Swar. Henceforth I would be known by the name of Sanjay Kumar Swar for all future purposes.

# सद्गुरु साहेब कबीर के प्राकट्य दिवस पर हुआ भंडारे का आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजसेवी सिकंदर यादव प्रतिवर्ष सद्गुरु साहिब कबीर के प्राकट्य दिवस पर विगत 14 वर्षों से भंडारे का आयोजन करते आए हैं। बुधवार को सद्गुरु साहेब कबीर साहब के प्राकट्य दिवस पर भंडारे का आयोजन किया गया। सिकंदर यादव द्वारा आयोजित किए गए भंडारे में समाज के सभी वर्गों के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# पूर्व पार्षद जाकिर सैफी और पार्षद रुखसाना सैफी ने लिखा नगर आयुक्त-मेयर को पत्र

## कहा वार्ड के नलकूल हैं खराब और जनता हो रही है परेशान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद जाकिर सैफी और वार्ड-95 की पार्षद रूखसाना सैफी ने मेयर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त को एक पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने वार्ड 95 में पानी ना आने की समस्या का हवाला देते हुए कहा है कि बार-बार शिकायत करने और अनुरोध करने के बाद भी जलकल विभाग भी समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि वार्ड के काफी नलकूप खराब हो गये हैं जिन्हें रिबोर नहीं कराया जा रहा है। क्षेत्र में गंदा पानी आ रहा है और इन सबके चलते जनता में काफी रोष है। वार्ड 95 के खराब नलकूपों का हवाला देते हुए बताया गया है कि पिछले एक वर्ष से पीएसी चौक फव्वारे के सामने नलकूप खराब है। जनरल प्राईमरी पाठशाला कैला के सामने आठ महीने से 10एचपी का नलकूप रिबोर न होने के कारण बंद पड़ा है। 10 एचपी का नलकूप एपीजे कलाम रोड पर रिबोर ना होने के कारण बंद पड़ा है। इसी तरह 10 एचपी का नलकूम मुख्तार होटल के सामने, दूसरा नलकूप मोहम्मीद मस्जिद वाली गली में दिलशाद के मकान के सामने और तीसरा नलकूप जस्सीपुरा पार्षद वाली गली में रिबोर होना है। इसके अलावा 5 एचपी का नलकूप मदरसे के पीछे वाले गेट की साईड पिछले दो वर्ष से बंद है। इसके अलावा 5 एचपी के नलकूप में एक नलकूप कल्लू टेंट वाले के घर के पास एक वर्ष से बंद है। दूसरा नलकूप गली नंबर 14 कल्लन के घर के पास पिछले दो महीने से बंद है। तीसरा नलकूप कैला भट्टा गली नंबर 5 वसीम के घर के पास पिछले एक वर्ष से बंद है। चौथा नलकूप लालटेन फैक्ट्री सरकारी स्कूल के पीछे पिछले तीन महीने से बंद है। पांचवा नलकूप भैरव मंदिर के बराबर वाली गली में काफी दिनों से खराब पड़ा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि जनता द्वारा बताये जाने पर और जनप्रतिनिधि पार्षद होने के नाते आपको अवगत कराया जाता है लेकिन अधिकारियों द्वारा वार्ड 95 की जनता की समस्याओं को नजर अंदाज किया जा रहा है। पत्र में पूर्व पार्षद जाकिर सैफी और पार्षद रूखसाना सैफी ने मेयर तथा नगर आयुक्त से जनहित और न्यायहित में ये अनुरोध किया है कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए वार्ड 95 में पानी की समस्या का समाधान कराया जाये और सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश देकर इस कार्य को पूर्ण कराया जाये।



# स्ट्रीट डॉग के हमले बढ़े, एक दिन में 319 लोगों को लगी रेबीज वैक्सीन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंचने के साथ स्ट्रीट डॉग के हमलों में वृद्धि देखी जा रही है। जिला सरकारी अस्पताल में एक दिन में 319 लोगों को रेबीज वैक्सीन लगाई गई। यह आंकड़ा केवल सरकारी अस्पताल का है। एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर राकेश कुमार ने बताया कि डॉग बाइट के मामले बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक दिन में 319 मरीजों को रेबीज वैक्सीन लगाना एक बड़ी संख्या है। जिला सरकारी अस्पताल में ओपीडी और इमरजेंसी दोनों में वैक्सीन उपलब्ध है। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वैक्सीन की कोई कमी नहीं है। सभी मरीजों को पूर्ण वैक्सीन मिल रही है। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे गर्मी में अधिक से अधिक समय घर में रहें और अपना ख्याल रखें। निजी अस्पतालों में भी कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे कुल प्रभावित लोगों की संख्या और भी अधिक हो सकती है।



# भाजपा महानगर कार्यालय की बदल गई है दशा

## रंग-रोगन से लेकर सोफों का हुआ है रिनोवेशन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नए निजाम के बाद भाजपा दफ्तर पर नया इंतजाम भी दिखाई देने लगा है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की ताजपोशी के बाद अब भाजपा महानगर कार्यालय में कई चीजें बदल गई हैं। भाजपा दफ्तर में अब उस पलंग को हटा दिया गया है जो महानगर अध्यक्ष वाले कमरे में रखा हुआ था। इस पलंग को यहां से हटाया गया है और बताया गया है कि उसके बाद यहां काफी स्पेस हो गया। इसके अलावा दफ्तर में रखे गए सोफों को रिनोवेट कराया गया है। दीवारों की रंगाई-पुताई हुई है और पीवीसी पैनल का काम हुआ है। ब्रिक वर्क से लेकर स्टोन वर्क कराया गया है। स्लाइडर वाले वार्डरूोब की व्यवस्था कराई गई है। सीसीटीवी कार्य कर रहे हैं, कंप्यूटर रूम में काम कराया गया है, यहां भी नया सामान आया है। इसके अलावा कई छोटे-छोटे काम ऐसे हुए हैं जिनसे बड़ा सुधार आया है। दफ्तर सूत्र बताते हैं कि यहां एग्जोस्ट फेन से लेकर सीलिंग फेन तक सही कराए गए हैं। लाइट ठीक कराई गई है। जिन नलों से पानी टपकने की शिकायत थी, उन्हें ठीक कराया गया है। वॉश रूम की सिस्टर्म ठीक कराई गई है। दरवाजों की छोटी-छोटी खामियों को दूर कराया गया है। बताते हैं कि आठ दिन में कार्यालय की दशा ही बदल गई है और अब छोटे-छोटे कामों से दफ्तर का बड़ा लुक नजर आ रहा है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पहलवान ने अपने दिल को शायद मना लिया है? इसलिये उन्होंने कर लिया है खुद को मंच से दूर? हम देख रहे थे, प्रोफेशनल मीट वाले कार्यक्रम में वो बैठे हुए थे बहुत ज्यादा दूर? कार्यक्रम की सबसे आखिरी पंक्ति में हो रहे थे उनके दीदार? कहने वाले ने कहा- जैसे ही कार्यक्रम खत्म हुआ वो चले गए चुपचाप बाहर? वो जान चुके हैं कि कोई आवाज नहीं मारेगा मंच पर बुलाने के लिये? इसलिये इंतजार करना है बेकार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किसी को लगे ना लगे, लेकिन हमको मेयर सुनीता दयाल की एक बात लगती है खास? उन्होंने अन्य जनप्रतिनिधियों की तरह प्रतिनिधि रखने वाली व्यवस्था को नहीं स्वीकारा है साहब? वो चाहें तो अपना समय बचाने के लिये करवा सकती हैं अपने किसी प्रतिनिधि को भेजकर उद्घाटन वाला प्रोग्राम? मगर, अधिकतर स्थानों पर वो खुद पहुंचती हैं, देती हैं अपनी उपस्थिति का पैगाम? कराती हैं वो इस बात का एहसास, जब जनता ने हमको चुना है तो प्रतिनिधि को क्यों रखें अपने साथ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे भाजपा के महानगर कार्यालय पर? यहां पर दिख रहा था गजब का सीन? भगवा योद्धा पूरी तरह बदलवा चुके हैं कार्यालय की सूरत? बहुत अच्छे लग रहे हैं हमें वहां के सीन? यहां पर एक बात योद्धा ने कर दी है स्पष्ट? कह दिया है, इस कार्यालय पर वो नहीं करेंगे जनसुनवाई? ये कार्यालय संगठन की गतिविधियों को लेकर संचालित है? इस बात को जानने में नहीं होना चाहिए किसी को कष्ट? जनसमस्याएं सुनने के लिये मैंने अपने आवास पर की हैं व्यवस्थाएं जारी? खुले रहेंगे हमारे तब तक डोर, जब तक जनता हमारे घर पर है आ रही?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा महामंत्री वाले मेटर में हमें एक चेहरे की एंट्री लग रही है बहुत ही आसान? ब्राह्मण फैक्टर पर पूरी गुंजन से गूंज रहा है एक ही नाम? कहने वाले कह रहे हैं, वकील साहब के कंप्टीशन में हमें नजर नहीं आ रहा है फिलहाल इस पार से उस पार तक कोई भी चेहरा? इसलिये ये कहने में हमें कोई शक नहीं कि भगवा योद्धा उन्हीं के सिर पर बांधेंगे महामंत्री वाला सेहरा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एमएलसी दिनेश गोयल पार्टी कार्यालय पर बैठे थे भगवा योद्धा के नजदीक? तभी उनको देखकर फ्लैशबैक में चले गए मयंक भाईसाहब? कहने लगे जब हमारी सरकार भी नहीं थी, तब इन्होंने खूब कराए अपने कॉलेज में प्रोग्राम? आप ही बताओ ऐसा कौन करता है श्रीमान? भगवा योद्धा के शब्द सुनकर हुई पीछे से हल्की से फुसफुसाहट? कहने वाले ने कहा- अब तो सरकार भी आपकी है, खुद आप अध्यक्ष हों, फिर क्यों नहीं सुनाई दे रही आजकल भाजपा के कार्यक्रमों की गोयल साहब के कॉलेज में आहट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा वर्मा जी सोशल मीडिया पर ना दिखें ऐसे मामले होते हैं बहुत ही रेयर? हम देख रहे हैं आजकल वो अपने प्रिय माननीय जी की खबरों को कर रहे हैं फेसबुक पर बहुत ज्यादा शेयर? कहने वाले ने कहा- पिछले कुछ दिनों से बढ़ी है उनकी ये वाली रफ्तार? लगता है या तो उनके दिल में जागी है कोई बड़ी ख्वाहिश? या फिर पोस्ट को शेयर करके वो जता रहे हैं अपना प्यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिस समाजसेवी के भंडारे में भगवा गढ़ के नेता ने दिये थे सुबह दीदार? सुना है, जब उन समाजसेवी की चर्चा उन नेता की मौजूदगी में ताकतवर मैडम और गर्ग साहब के सामने चली तब सीन दिख रहा था बहुत ही जोरदार? हम देख रहे थे मैडम और गर्ग साहब ने अपने शब्दों से बनाया हुआ था समाजसेवी के खिलाफ जदर्बस्त माहौल? जैसे दे रहे थे संदेश, आगे हम करने वाले हैं बड़ा रोल? ऐसा लग रहा था कि जैसे दोनों को था भगवा नेता के समाजसेवी के यहां जाने का एहसास? शायद तभी दोनों कर रहे थे इतनी खरी-खरी बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गर्ग साहब की कितनी ही हो कांग्रेस वाली मैडम से नाराजगी? मगर हमने देखा है, मैडम के पारिवारिक कार्यक्रम में दिल्ली वाले बड़े नेता को मौजूद? सुना है बड़े नेता ने दिया है वैवाहिक कार्यक्रम में उनके परिवार को आशीर्वाद? ऐसे में गर्ग साहब मैडम के तरकश से निकले तीरों को अब इग्नोर कर दें क्योंकि जिन्होंने दिया है आशीर्वाद, गर्ग साहब के दिल में उनका सम्मान है बहुत खास?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लोनी वाले पवन भैया आजकल पूरी तरह दिख रहे हैं खामोश? हम देख रहे हैं, वो क्रांतिकारी जनप्रतिनिधि के दायरे में हैं? फिर भी उनमें पहले जितना नहीं दिखाई दे रहा है जोश? हल्दी घाटी वाले मावी भैया क्या ले चुके हैं राजनीति से सन्यास? क्योंकि उनके तेवर तो हमेशा क्रांतिकारी रहते हैं? फिर आजकल क्यों वो इतना मौन में हैं साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा चोपड़ा आजकल मेहनत करने में लगा रहे हैं अपना बहुत ज्यादा खोपड़ा? वो लगातार नजर आ रहे हैं भगवा योद्धा के साथ? इतना ही नहीं वो अपने पुराने साथियों का भी शिद्दत से रख रहे हैं ध्यान? हमने देखा- जब योद्धा थे कार्यालय पर मौजूद, तब गिरी भैया पूरी प्रिली ले रहे थे मुस्कान? ऐसा लग रहा था चोपड़ा साहब अपने साथ-साथ दूर कर देंगे राहुल भैया की समस्याओं का भी व्यवधान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# हम तुम रोड का जल्द होगा कायापलट जीडीए ने सर्वे किया फाइनल

## 31.17 करोड़ की लागत से बदलेगा रोड का स्वरूप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन की अतिमहत्वपूर्ण करीब 2700 मीटर लंबाई की हम तुम रोड की जल्द कायापलट का कार्य शुरू किया जाएगा। इस कड़ी में प्राधिकरण उपाध्यक्ष के दिशा निर्देशन में जीडीए के भू-अर्जन एवं अभियंत्रण जोन की संयुक्त टीम के द्वारा टीएसएस टोटल स्टेशन सर्वे फाइनल कर लिया गया है। हम तुम रोड मेरठ रोड से जीडीए की अतिमहत्वपूर्ण आउटर रिंग रोड को जोड़ती है। जिसके बगल में जीडीए की अति महत्वपूर्ण हरनंदी पुरम टाउनशिप का नियोजन प्रस्तावित है। इस रोड से कई सोसाइटियां लगी हुई हैं। जैसे कि निलाया ग्रीन, मिडोस विस्टा, दिया ग्रीन, महक जीवन, मोती रेजीडेंसी व अन्य सोसाइटियों के परिवारों के द्वारा कई बार सडक को गड्ढा मुक्त किए जाने की मांग की जा चुकी है। हाल में कई सोसाइटी के परिवारों के द्वारा प्रदर्शन भी किया गया था। प्राधिकरण उपाध्यक्ष के द्वारा रोड को शीघ्र बनाये जाने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द किसानों से सहमति से पिलर लगाने व आपत्ति सुझाव आमंत्रित करने के लिए प्रकाशन कराया जाएगा। रोड के निर्माण हेतु इंजीनियरिंग अनुभाग द्वारा 31.17 करोड़ लागत का एस्टिमेट भी तैयार किया जा चुका है।






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजसेवी अजय गुप्ता के सुपुत्र आयुष गुप्ता ने फिल्म जगत के महान कलाकार बॉबी देओल से श्रीलंका में एक कार्यक्रम में शिष्टाचार भेंट की। इस दोरान आयुष गुप्ता के साथ उनकी बहन अपूर्वा अग्रवाल, भांजे अवयम अग्रवाल ने बॉबी देओल से भी मुलाकात की।